मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-13, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 234 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

भोपाल
08 फरवरी 2024 गुरुवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
15 न्यूनतम



Page- 7

# RBI ने यथावत रखा रेपो रेट, इस ऐलान के बाद शेयर बाजार धड़ाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी के नतीजों का आज ऐलान हो गया। बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि इस बार भी रेपो रेट 6.5 फीसद में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मतलब यह कि लोगों की ईएमआई में कोई बदलाव नहीं होने वाला है। बैठक में मौजीद 6 में से पांच सदस्य रेपो रेट को यथावत रखने के पक्ष में थे। दास ने कहा कि रेपो रेट को स्थिर रखने के ऐलान के साथ ही महंगाई को लेकर कहा कि खाने-पीने चीजों की कीमतों पर मोनेटरी पॉलिसी कमेटी की नजर है। महंगाई में नरमी है। इसे देखते हुए बैठक में महंगाई का लक्ष्य 4 फीसदी पर कायम रखा गया है। दास ने कहा कि इस वर्ष भारत की रियल जीडीपी ग्रोथ अनुमान 7 फीसदी के ऊपर रखा गया है। इससे पहले के अनुमान में भी रिजर्व बैंक ने इस 7.3 फीसदी पर रखा था।



## 2023 से यथावत है रेपो रेट

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने रेपो रेट में आखिरी बार बीते साल 8 फरवरी, 2023 को इजाफा किया था। तब इसे 25 बेसिस प्वाइंट या 0.25 फीसदी बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया था। इस बार भी पहले से ही इसमें कोई बदलाव नहीं होने के ही आसार थे। रिजर्व बैंक ने रिवर्स रेपो रेट 3.35 प्रतिशत पर स्थिर रखा ह। MSF रेट और बैंक रेट 6.75 प्रतिशत पर बरकरार है. जबकि, SDF रेट 6.25 प्रतिशत पर स्थिर है।



## सेंसेक्स ने लगाया 700 अंकों का गोता

*मुबंई। भारतीय रिजर्व बैंक ने आज एमपीसी बैठक के नतीजों का ऐलान किया और उधर शेयर बाजार धडाम हो गया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा किए जाने वाले इस ऐलान के बाद बाजार शुरुआती तेजी से बाद भी फिसल गया। गौरतलब है कि सेंसेक्स और निफ्टी ने आज हरे निशान पर शुरुआत की थी।सेंसेक्स आज 209.53 अंक उछाल के साथ 72,361.53 पर ओपन हुआ था वह बैंक ऐलान के पहले 300 अंक से ज्यादा चढ़ गया था। निफ्टी भी अचानक हरे से लाल निशान में पहुंच गया। यह 192.40 अंक फिसल गया। इस दौर में सिर्फ पीएसयू शेयर्स में तेजी देखने को मिली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर ने रॉकेट की रफ्तार से भागते हुए ऑल टाइम हाई लेवल को छू लिया। यह 3.78 फीसदी की बढ़त पर आ गये।*

हरदा के जख्म

# मौत की फैक्ट्री को स्टे दिलाने में स्टेनो ने निभाई थी भूमिका!

## संभागायुक्त कोर्ट में आया था मामला



**हरदा, दोपहर मेट्रो।**

हरदा के समीप पटाखा फैक्टी में विस्फोट के दो दिन बाद भी लोग बदहवास हैं। प्रशासन कार्रवाई कर रहा है। मगर जो लुट गया है वह वापस आना मुश्किल है। हत्यारी पटाखा फैक्ट्री पर यदि प्रशासन संवेदनशील होता तो तय था कि यह हादसे के काफी पहले ही बंद हो चुकी होती। दरअल काफी पहले कलेक्टर ने फैक्ट्री का लायसेंस निरस्त कर उसे सील कर दिया था, लेकिन फैक्ट्री मालिक राजेश अग्रवाल ने हरदा कलेक्टर के आदेश के खिलाफ अपील की और मामला संभागायुक्त कोर्ट में आ गया। यहां तत्कालीन हरदा एसडीएम की रिपोर्ट और तत्कालीन कलेक्टर हरदा के आदेश को दरकिनार कर उसे स्टे दे दिया गया और फैक्ट्री चालू हो गई। सूत्रों की माने तो तत्कालीन नर्मदापुरम कमिश्नर मालसिंह ने सुनवाई के दौरान अगली पेशी तक के लिए स्टे दिया था लेकिन इस अस्थाई और तात्कालिक स्टे की आड़ में फेक्ट्री निरंतर चलती रही।

## हो सकता है बड़ा खुलासा

**माना** जा रहा है कि मौत की इस फटाका फैक्ट्री मामले की बारीकी से पड़ताल की जाए तो एक बड़ा खुलासा होगा। बताते हैं कि संभागायुक्त के एक स्टोनो ने फैक्ट्री मालिक के समर्थन और पक्ष में कुछ तकनीकी दस्तावेज जुगाड़ कर फाइल में लगाए थे और इन्हीं आधार पर फैक्ट्री को स्टे मिल गया। हो सकता है इस मामले की हकीकत तेजी से चल रही जांच में खुले। नर्मदापुरम के प्रशासनिक गलियारों में इस बंद फैक्ट्री को खुलवाने में तत्कालीन संभागायुक्त के स्टोनों की खास चर्चा है। कहा तो यह भी जा रहा है कि वह विस्फोटक अधिनियम का खासा जानकार है। लिहाजा एसडीएम की जांच रिपोर्ट में गलियां ढूंढीं, तथ्यों को मरोड़ा व ऐसे तकनीकी दस्तावेज फाइल में लगाए,जिसके चलते संभागायुक्त ने स्टे दे दिया।

## घरों में रखे पटाखे जांच नहीं

**सिवनी** मालवा में भी लगभग सैकड़ो लोगों के पास पटाखे के लाइसेंस है जो दीपावली के समय अपनी अपनी दुकान लगाकर बेचते हैं और ये लोग पूरे साल ही पटाखे बेचते हैं उनके घरों में अगर स्थानीय प्रशासन छापामार कार्रवाई करता है तो अवैध रूप से रखे हुए इन पटाखों के गोदाम मे भारी मात्रा में पटाखे बरामद किए जा सकते हैं सिवनी मालवा में भी एक अग्रवाल पटाखों का थोक व्यापारी माना जाता है लेकिन हरदा की इस घटना को आज तीन रोज हो गए लेकिन स्थानीय प्रशासन ने इस और ध्यान नही दिया है।

## विस के बजट सत्र का दूसरा दिन, राज्यसभा से 56 सांसदों को विदाई

# हरदा पर होगी चर्चा, सुतली बम की माला पहनकर पहुंचे कांग्रेस विधायक






भाजपा कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष विष्णुद   ा शर्मा, उपमु    यमंत्री राजेन्द्र शु    ला, डॉ. नरो    ाम मिश्रा के समक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व महाधिवक्ता शशांक शेखर सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र विधानसभा में बजट सत्र के दौरान आज हरदा के कांग्रेस विधायक आरके दोगने गले में सुतली बम की माला पहनकर पहुंचे। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने विरोध दर्ज कराया और कहा कि हरदा कांड मामले की जांच के लिए बनाई गई टीम में विधायकों, पत्रकारों को भी शामिल किया जाना चाहिए। पटाखा फैक्ट्री में जब भीषण हादसा हुआ, उस वक्त वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। फैक्ट्री के तलघर को खोलकर देखा जाना चाहिए। दोगने ने कहा कि मुख्यमंत्री के हरदा से वापस लौटकर आने के बाद जांच बंद कर दी गई है।

## अनुपूरक बजट आज, अंतरिम 12 को

आज वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा सदन में वर्ष द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत कर रहे हैं। वहीं राज्य का अंतरिम बजट 12 फरवरी को पेश होगा। कांग्रेस के सदस्यों द्वारा हरदा की दुर्घटना को लेकर काम रोको सूचना पर चर्चा कराने की मांग को लेकर सदन में हंगामे के आसार हैं।

कांग्रेस सदस्यों द्वारा हरदा की दुर्घटना को लेकर काम रोको सूचना पर चर्चा कराने की मांग की, जिसे विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने स्वीकार कर लिया। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी की है। कांग्रेस विधायक दल की ओर से रामनिवास रावत, हेमंत कटारे सहित अन्य विधायकों ने हरदा में पटाखा फैक्ट्री मामले पर सूचना विधानसभा सचिवालय को दी है। उधर, राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा की शुरुआत ध्यानाकर्षण के बाद होगी। इस दौरान तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल मध्य प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश 2024 पटल पर रखेंगे।

## मोदी ने की मनमोहन की तारीफ
### ब्लैक पेपर पर ली चुटकी



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के 56 सदस्यों के लिए सदन में आज आखिरी दिन है। इन मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में विदाई भाषण दिया। इस दौरान मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की तारीफ की। मोदी ने कहा कि मनमोहन ने लोकतंत्र को मजबूती दी। वे अपने दायित्व को लेकर सजग रहे। उन्होंने आगे कहा, सांसद भी रिटायर नहीं होता।

वहीं कांग्रेस द्वारा आज लाए गए ब्लैक पेपर पर पीएम मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा कि बच्चा जब नए कपड़े पहनकर, तैयार होकर घर से जाता है तो परिवार का कोई बड़ा सदस्य उसे काला टीका लगा देते हैं। इसी तरह कांग्रेस काले कपड़े पहनकर आई है और ब्लैक पेपर भी लाई है।

## राहुल का नया हमला - मोदी ओबीसी नहीं, गलत बोल रहे



**राउरकेला।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला व ओडिशा में कहा कि मोदी ने देश को अपनी जाति के बारे में झूठ बोला। वो ओबीसी नहीं, सामान्य वर्ग के हैं। राहुल ने कहा, मोदी का जन्म ओबीसी वर्ग में नहीं हुआ था। वे गुजरात की तेली जाति में पैदा हुए, इस समुदाय को भाजपा ने साल 2000 में ओबीसी का टैग दिया था। उनका जन्म सामान्य जाति में हुआ था। इसलिये वे कभी जातीय जनगणना नहीं होने देंगे।

सियासत

## राहुल की न्याय यात्रा मप्र में दाखिल होने से पहले...

# जबलपुर की घात कांग्रेस में बड़े बवंडर का पायलट प्रोजेक्ट!



अर्थात्
आशीष दुबे

लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा ने मप्र में भंवर में फंसी कांग्रेस की नाव में छेद करने का प्रोजेक्ट तैयार कर लिया है। जबलपुर के कांग्रेस महापौर जगतबहादुर सिंह का भाजपा में पलायन इसका पायलट-पीस माना जा रहा है। वहीं महाकोशल के ही कम से कम दो बड़े नेताओं की कांग्रेस छोड़ने की वह आशंका गहरा गई है, जो पार्टी के अंदरखाने महीनेभर से तैर रही थी।

विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि भाजपा इन दिनों कांग्रेस के उन इलाकों-नेताओं को रडार पर रखे है, जहां विस चुनाव की हार के बाद भी लोकसभा के लिये उजले संकेत निकले हैं। जबलपुर के बगल की सीट छिंदवाड़ा समेत सूबे की आठ सीटें इसमें शरीक है। खास यह है कि इसी महीने मप्र में दाखिल हो रही राहुल गांधी की न्याय यात्रा से पहले भाजपा उसी तरह के घटनाक्रम रचने की फिराक में है,जैसे




महाराष्ट्र,बिहार,झारखंड में पेश आए हैं।

वैसे तो, भाजपा का जबलपुर मिशन काफी समय से चल रहा था, मुखयमंत्री मोहन यादव ने हाल में एक मंच पर सार्वजनिक तौर पर कांग्रेस के नेताओं की प्रकारांतर से तारीफ व आमंत्रण दे दिये थे, उन्होंने महापौर का भी जिक्र किया था। यानि तब तक सब कुछ 'फाइनल' हो चुका था। यादव के जिक्र में आदिवासी कांग्रेस विधायक ओंकार सिंह मरकाम भी थे,जिन्हें हाल में कांग्रेस हाइकमान ने काफी वजनदार बना दिया है। आदिवासियों का पूर्ण समर्थन हासिल करने में चूकी भाजपा शायद लोकसभा चुनाव में यह कसर पूरी करने पर आमदा है।

जहां तक जगतबहादुर का मामला है तो वे कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए कारोबारी विधायक संजय पाठक के बेहद करीबी हैं। कांग्रेस इससे सजग भी थी लेकिन एक कांग्रेस नेता का कहना है कि 'जगत बहादुर को साधने की कोशिश हुई थीं, मगर भाजपा ने कांग्रेस के महापौरों की बुरी तरह घेराबंदी कर रखी है, मुरैना व ग्वालियर के महापौरों की हालत भी अधिकारों व हैसियत के मामले में दयनीय हैं।' कांग्रेस की इस बेबसी में कई संकेत भी छिपे हैं। वैसे जगतबहादुर की तैयारी पुरानी इसलिये भी लगती है क्योंकि हाल के विस चुनाव में जगतबहादुर ने टिकट लेने से इंकार किया था, बताते हैं उन्होंने सुरजेवाला से कहा था कि वे लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं, इसीलिये हाल में कांग्रेस में इकलौता नाम पैनल में रखा था।

बहरहाल, इस एपिसोड से महाकोशल के कुछ प्रभावी नेताओं के भावी रुख पर निगाहें जम गई हैं, तो अपने प्रभावी ओबीसी नेताओं को भी साधे रखने की चुनौती कांग्रेस के निजाम पर आ गई है, माना जा रहा है कि भाजपा के पास देने के लिये राज्यसभा का लॉलीपाप भी है। विधानसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से रास्ते कांग्रेस की तरफ मुडते नजर आए थे,अब मंजर दूसरा है। जाहिर है कांग्रेस के लिए यह 'जागते रहो' का वक्त है।

**गड़करी की चिंता:** यहां वरिष्ठ भाजपा नेता व मंत्री नितिन गडकरी का जिक्र मौजूं हैं,जिन्होंने हाल में अवसरवादी राजनेताओं के सत्ताधारी दल से जुड़े रहने की इच्छा पर गहरी चिंता जताई व कहा है, कि इस तरह की 'विचारधारा में गिरावट' लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। हमारी बहसों और चर्चाओं में मतभेद समस्या नहीं है, हमारी समस्या विचारों की कमी है। विचारधारा के आधार पर डटे लोगों की घटती संख्या लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

## अडानी फिर 101 अरब डालर वाले अरबपतियों की लिस्ट में



**नई दिल्ली।** भारतीय अरबपति गौतम अडानी के लिए ये साल 2024 शानदार साबित हो रहा है। अडानी ग्रुप से हिंडनबर्ग रिपोर्ट का साया हट चुका है। अडानी की नेटवर्थ में भी खासा उछाल देखने को मिल रहा है। फिर से अडानी ग्रुपप के चेयरमैन गौतम अडानी 100 अरब डॉलर नेटवर्थ वाले अरबपतियों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। संपत्ति में आए उछाल के चलते उनकी नेटवर्थ बढ़कर 101 अरब डॉलर हो गई है और अमीरों की लिस्ट में दो पायदान ऊपर चढ़ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, अडानी की संपत्ति में एक दिन में ही 2.73 अरब डॉलर या करीब 22,600 करोड़ रुपये से ज्यादा का इजाफा हुआ है और दुनिया के 12वें सबसे अमीर इंसान बन गए हैं।

## किसानों का दिल्ली कूच, यातायात अस्तव्यस्त

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के किसान आज दिल्ली कूच पर हैं। किसान दोपहर नोएडा के महामाया फ्लाईओवर पर जमा हैं और दिल्ली की तरफ बढ़ने की कोशिश में हैं। इसके चलते सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली से नोएडा आने वाली सड़क पर लंबा जाम हो गया है। कई रूट्स को डायवर्ट कर दिया गया है। दिल्ली-नोएडा चिल्ला बॉर्डर पर सुरक्षा इंतजामों को बढ़ा दिया गया है।

## 10वीं के विद्यार्थियों ने दिया उर्दू का पेपर, राजगढ़ में बना एक प्रकरण

# 12वीं का आज अंग्रेजी का पेपर, आधा दर्जन से अधिक जांच टीमें तैनात




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं जारी है। गुरुवार को कक्षा बारहवीं का अंग्रेजी का पेपर है। जिसे देखते हुए परीक्षा केंद्रो पर सुरक्षा और चेंकिग में सख्ती की गई। विद्यार्थी परीक्षा केंद्रो पर एक घंटे पहले ही पहुंच गए थे। जिसके बाद लाइन लगाकर बच्चों को कड़ी जांच के बाद केंद्र में प्रवेश दिया गया। इसके साथ ही जिले में निरीक्षण की दलों की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई है। आधा दर्जन से अधिक टीमों ने परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर निरीक्षण किया। राजधानी में 12वीं की अंग्रेजी परीक्षा 103 परीक्षा केंद्रों पर हुई। परीक्षा कक्ष में प्रवेश सुबह साढ़े आठ बजे तक दिया गया। वहीं बुधवार को कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने उर्दू का पेपर दिया। भोपाल जिले में 67 केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई। राजगढ़ जिले में नकल का एक प्रकरण बनाया गया। परीक्षा सुबह 9 बजे से 12 बजे हुई। वहीं, 10वीं में आगामी पेपर 9 फरवरी शुक्रवार को संस्कृत विषय का होगा।

### आरजीपीवी में पीएचडी के लिए 2 मार्च तक आवेदन

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 20 एवं 21 मार्च को आयोजित की जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 2 मार्च है। इसके बाद आरजीपीवी 13 मार्च को एडमिट कार्ड जारी करेगा। परीक्षा में क्वालीफाई अभ्यर्थियों का प्रवेश इंटरव्यू के आधार पर होगा। अभ्यर्थियों के इंटरव्यू 24 अप्रैल से शुरू होंगे। आरजीपीवी ने इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी, फार्मेसी, एप्लाइड साइंसेज, आर्किटेक्चर में पीएचडी की रिक्तियां निकाली हैं। चयनित उम्मीदवारों की अंतिम सूची 7 मई को आरजीपीवी के पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी।

### अवैध पटाखा दुकान पर पिपलानी पुलिस की कार्रवाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हरदा में बम फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बाद जिला प्रशासन की टीम के साथ पुलिस भी एक्टिव हो गई है। पिपलानी पुलिस ने बाल विहार रोड पर अवैध पटाखा दुकान पर कार्रवाई करते हुए अस्सी हजार रुपए के पटाखे जब्त किए है। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम सूचना मिली थी कि बाल विहार रोड पर अभिषेक कुमार जैन अवैध पटाखे की दुकान का संचालन कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लायसेंस पूछा गया। लायसेंस नहीं मिलने पर पुलिस ने अभिषेक के खिलाफ धारा 336, 286 आईपीसी का प्रकरण दर्ज कर लिया।

## श्रद्धांजलि




**भोपाल।** हरदा में पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाके से कई लोगों की मौत व घायल होने की घटना पर जयहिंद सेना ने राजधानी के अटल पथ जवाहर चौक पर मोमबत्ती जलाकर एवं मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित।

**प्रदेश के आकांक्षी जिलों के लिए पहल**

## आईटीआई में कैरियर काउंसलिंग, कौशल एवं रोजगार मेला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के आकांक्षी जिलों की शासकीय आईटीआई में एक सप्ताह की कैरियर काउंसलिंग, कौशल एवं रोजगार मेले लगाए जाएंगे। इसमें सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग भी हितग्राहियों को दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने बताया कि इसके लिए आंकाक्षी जिलों बड़वानी, छतरपुर, दमोह, गुना, खण्डवा, सिंगरौली और विदिशा को 7-7 लाख रूपये एवं राजगढ़ को 12 लाख रूपए आवंटित किए गए है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड सोमेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि कैरियर काउंसलिंग पूरे सप्ताह होगी। महिला विशेष रोजगार मेला एक दिन और मेगा रोजगार मेला एक या दो दिवसीय लगाये जा सकते हैं।

## बदले मार्ग से चलेंगी चार ट्रेनें, सफर शुरू करने से पहले देखें इनका रूट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



यदि ट्रेनों में सफर शुरू करने जा रहे हैं तो पहले उनका रूट देख लें, क्योंकि चार ट्रेनें गुरुवार से बदले हुए मार्ग पर चल रही हैं। इन्हें प्रयागराज मण्डल में यार्ड री-मॉडलिंग कार्य के चलते बदले मार्ग से चलाने का न निर्णय लिया है। ये ट्रेनें भोपाल रेल मंडल के अलग-अलग रेलवे स्टेशनों से होकर गुजरती थी।

### ये ट्रेनें बदले मार्ग से चल रही

1- **ट्रेन** 12167 लोकमान्यतिलक टर्मिनस-बनारस एक्सप्रेस 08 से 11 फरवरी तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज जंक्शन - प्रयागराज रामबाग होकर गंतव्य को जाएगी।

2- **ट्रेन** 12168 बनारस -लोकमान्यतिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 9 से 13 फरवरी तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जंक्शन-मानिकपुर होकर गंतव्य को जाएगी।

3- **ट्रेन** 11045 कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस दिनांक 09 फरवरी को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज जंक्शन - प्रयागराज रामबाग-बनारस-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन होकर गंतव्य को जाएगी।

4- **ट्रेन** 19045 सूरत-छपरा एक्सप्रेस दिनांक 11 फरवरी को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज जंक्शन-प्रयाग-जंघई-जौनपुर होकर गंतव्य को जाएगी।

**लापता लेडीज के प्रमोशन के लिये शहर में**

# आमिर ने कहा भोपाल के लिए दिल में खास जगह

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



हिंदी फिल्म अभिनेता आमिर खान ने भोपाल की तारीफ में कई बातें कहीं। उनक कहना है कि उनके पिता भोपाल से ही हैं इसलिये उन्हें इस शहर के खास लगावा है। गौरतलब है कि वे पहले भी भोपाल व आसपास शूटिंग करने आ चुके हैं। अब वे भोपाल में अपने प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले निर्मित मूवी %लापता लेडीज÷ के प्रीमियर और प्रमोशन के सिलसिले में आए। इस फिल्म का निर्देशन आमिर की पूर्व पत्नी किरण राव ने किया है। इस फिल्म का स्पेशल प्रीमियर एमपी नगर में स्थित एक माल में आयोजित किया गया। जिसमें आमिर खान और किरण राव के अलावा फिल्म में काम करने वाले अभिनेता रवि किशन, स्पर्श श्रीवास्तव, नितांशी गोयल, प्रतिभा समेत अन्य कलाकार शामिल हुए। खास बात यह है कि इस मौके पर माल में बड़ी संख्या में लोग उमड़े।

आमिर खान ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा यह फिल्म बड़ी मेहनत से बनी है। किरण और उनकी टीम ने खूब मेहनत की है। हमारी उम्मीद है कि यह आपको पसंद आएगी। यह एमपी के भोपाल और आसपास के इलाकों में शूट हुई है। इसका दुनिया भर में नाम होगा।इसके साथ ही आमिर खान ने भोपाल के लोगों के प्रति आभार भी जाहिर किया। उन्होंने कहा कि मेरे पिता भोपाल से हैं। मैं 3-4 बार भोपाल आ चुका हूं और यह बेहद खूबसूरत जगह है। मुझे लगता है कि यह भारत की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। इसके अलावा, आमिर खान, किरण राव और फिल्म की कास्ट ने फिल्म के डाउटवा गाने पर डांस किया।

### बमुलिया गांव में पहुंचीं किरण

जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत फिल्म 'लापता लेडीज' किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। भोपाल से किरण अपनी पूरी टीम के साथ सीहोर के बमुलिया गांव में गईं। जहां ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। किरण और उनकी टीम ने ग्रामीणों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, कारणों का खुलासा नहीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीटी नगर थानांतर्गत पंचशील नगर में रहने वाले एक युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। परिजनों के बयान होने के बाद ही फांसी लगाने के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

पुलिस के मुताबिक बृजेश कुमार प्रजापति (32) पंचशील नगर में रहता था और एक कार्यालय में चतुर्थश्रेणी कर्मचारी था। परिवार में पत्नी के अलावा पांच साल का बेटा है। बृजेश के बाकी परिजन भी साथ ही रहते हैं। मंगलवार रात बृजेश घर पहुंचा और ऊपर वाले कमरे में जाकर सो गया। बुधवार सुबह पत्नी उसे जगाने के लिए पहुंची तो वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया और लाश परिजनों को सौंप दी। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**मेट्रो एंकर** | **स्टॉक अधिक मिला, सुरक्षा इंतजामों को लेकर बेपरवाही**

# हरदा हादसे के बाद एक्शन, हलालपुर पटाखा बाजार और जमुनिया में दुकानें, गोदाम सील

**दोपहर मेट्रो, हिरदाराम नगर**







हलालपुर थोक पटाखा बाजार और जमुनिया गोदामों का जायजा लेने जिला प्रशासन की टीम ने बुधवार दिनभर डेरा डाला। जहां हलालपुर में तीन पटाखा दुकानों को सील किया, वहीं जमुनिया में 11 गोदामों को सील किया है। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा को लेकर लापरवाही, ज्यादा स्टॉक और लाइसेंस से जुड़ी गड़बड़ियां मिली हैं। प्रशासन की टीम कलेक्टर को अपना प्रतिवेदन सौंपेगी।

मंगलवार को प्रदेश के हरदा पटाखा फैक्टरी कांड के बाद प्रदेशभर में प्रशासन एक्शन में है। बुधवार सुबह राजधानी के हलालपुर स्थित थोक पटाखा बाजार एसडीएम आदित्य जैन और एसीपी निहित उपाध्याय तकनीकी टीम के साथ पहुंचे। यहां एक-एक दुकान में जाकर सुरक्षा उपायों को देखा। घटना होने पर बचाव के तय मापदंड भी देखे। कई अनियमिताएं सामने आई हैं। कई दुकानों के फायर एक्सटिंग्विशर खराब मिले, जिन्हें जब्त किया गया। कुछ दुकानदारों ने निरीक्षण की भनक लगने के बाद फायर एक्सटिंग्विशर मंगाए। एक पटाखा सेंटर पर बिजली की फिटिंग खुली हुई थी, तार लटक रहे थे। अधिकारियों ने उन्हें जमकर फटकार लगाई और फिटिंग को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। कहा, इसके चलते ही शार्ट शार्ट सर्किट से हादसा होता।

### दो दर्जन दुकानें, गोदाम सील

जमुनिया और हलालपुर में पटाखा बाजार में एक दर्जन से अधिक दुकानों और गोदामों को सील किया गया है। दुकानों के साथ गोदाम मिलने पर सील करने की कार्रवाई की गई है। प्रशासन के निरीक्षण के दौरान दुकानदारों ने दबाव बनाने की भी कोशिश भी की। प्रभावी लोगों को फोन लगाने दुकानदार देखे गए। जांच के दौरान कई दुकानों में प्रतिबंधित बम मिले हैं, ऐसे दुकानों को भी प्रशासन ने सील किया है। पटाखों को जब्त भी किया गया है।

### 1997 में आया था पटाखा बाजार हलालपुर में

जिला प्रशासन ने थोक पटाखा व्यापारियों को 1997 में हलालपुर में पटाखा बेचने के लिए जगह दी थी, उस समय यहां पर आबादी नहीं थी। लेकिन इसके बाद पटाखा बाजार के आसपास कॉलोनी, मैरिज गार्डन, शोरूम, होटल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बन गए हैं। कुछ ही दूरी पर पेट्रोल पंप भी हैं। यहां प्रशासन ने 1500 किलो तक पटाखा बेचने का लाइसेंस जारी किया है। कभी यहां फायर ब्रिगेड खड़ी होने की जगह थी, लेकिन कब्जों के चलते वह नहीं बची है। तय स्टॉक से ज्यादा हमेशा ही आतिशबाजी मौजूद रहती है। वैसे सीजन के समय पटाखे के दुकाने पटाखा बाजार के दायरे से बाहर लालघाटी तक पहुंच जाती हैं। कहा जा रहा है कई पुराने पटाखा कारोबारियों ने धंधे से हाथ खींच लिया है। उनके लाइसेंस पर दूसरे लोग कारोबार कर रहे हैं।

### क्षमता से अधिक स्टाक मिला

कुछ दुकानों पर क्षमता से अधिक स्टाक मिला, अनुमित होने के बाद भी कुछ दुकानदारों ने गोदाम भी पास में बना रखे थे। जांच के बाद प्रतिवेदन बनाया जाएगा। लाइसेंस शाखा को ऐसी दुकानों के लाइसेंस निरस्त करने के लिए कहा जाएगा।

### प्रतिवेदन सौपेंगे

निरीक्षण के आधार पर जांच रिपोर्ट बनाई जाएगी। अनियमितताएं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान कई स्थानों पर खामियां मिली हैं, स्टॉक की जांच के लिए तकनीकी टीम भी साथ है, दूसरे व्यापारी के लाइसेंस पर कारोबार करने वालों की लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। रहवासी इलाके भी आकलन किया जा रहा है, शिफ्टिंग का प्रस्ताव भी भेजा जाएगा।

**-आदित्य जैन**, एसडीएम

### हमेशा सर्तक रहते हैं

पटाखा व्यापारी हमेशा अपने स्तर पर सुरक्षा प्रबंध करके रखते हैं। किसी भी तरह की हादसे की स्थिति नहीं है। प्रशासन ने अपने मापदंडों पर जांच की है, जो निर्देश दिए गए हैं, उसका पालन किया जाएगा।

**दौलत सबनानी**, अध्यक्ष पटाखा व्यापारी संघ

# महिलाओं के लिए शहरों में पिंक बसें चलाने की तैयारी

## सरकार ने नगरीय निकायों को दिए निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य सरकार अब महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए नगरीय क्षेत्रों में स्थानीय निकायों के माध्यम से सरकार पिंक बसें चलाएगी। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों के सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पत्र जारी कर नगरीय निकायों को व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

सरकार ने निर्देशित किया है कि यह व्यवस्था नगरीय निकायों में जल्द शुरू की जाए। इंदौर नगर निगम में प्रायोगिक तौर पर दो पिंक बसों का संचालन शुरू कर दिया है। प्रदेश में 16 नगर निगम सहित भिंड, गुना, शिवपुरी, विदिशा में नगर पालिका परिषद में पिंक बसों की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। प्रदेश में अमृत योजना एवं जेएनएनयूआरएम के तहत करीब 13 हजार नगरीय बसों का संचालन किया जा रहा है।

### पैनिक बटन रहेगा

प्रदेश के जिन नगरीय क्षेत्रों में बसों की लाइव लोकेशन की सुविधा मोबाइल एप के माध्यम से प्रदान की जा रही है, यह सुविधा पिंक बसों में भी होगी। बसों में वरिष्ठ नागरिक एवं शारीरिक रूप से विकलांग यात्री के लिए सीट आरक्षित रहेगी। सभी पिंक बसों में जीपीएस एवं पैनिक बटन होंगे। शहरी क्षेत्रों में पिंक बसों के संचालन से सिटी बसों में महिला यात्रियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वह निडर होकर यात्रा कर सकेगी।



### कंडक्टर भी महिला ही होगी

बताया जाता है कि पिंक बसों में बस संचालक एवं परिचालक (कंडक्टर) महिला ही होगी। बसों में केवल महिला यात्री ही यात्रा कर सकेगी। महिला चालक एवं परिचालक के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य होगा। महिला चालक के लिए लाइसेंस और ट्रेनिंग की व्यवस्था होगी। स्मार्ट सिटी शहरों में पिंक बसों की निगरानी कमांड सेंटर के माध्यम से की जाएगी। नगरीय निकायों के उन क्षेत्रों में पिंक बस की व्यवस्था की जाएगी, जहां शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में महिलाओं का आवागमन अधिक होता है। इसके साथ ही महिला यात्री को टिकिट की सुविधा के साथ डिजिटल रूप में पेमेंट करने की व्यवस्था भी रहेगी।

# प्रदेश के 53 सरकारी स्कूलों में 8वीं से 12वीं में पढ़ाया जाएगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

## राज्य ओपन स्कूल बोर्ड ने माइक्रो सॉफ्ट के साथ किया है एमओयू

### पाठ्यक्रम जून-2022 से पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया है

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप राज्य ओपन स्कूल बोर्ड ने 53 चयनित सरकारी स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम की शुरुआत की है। यह पाठ्यक्रम जून-2022 से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। इसके लिए राज्य ओपन स्कूल बोर्ड ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ एमओयू किया है। यह पाठ्यक्रम एक विषय के रूप में कक्षा-8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिये प्रारंभ किया गया है।**



फाइल फोटो

### रोजगार में सहायता मिलेगी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम से चयनित स्कूलों के विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक सिखाने में सहायता मिल रही है। इससे विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

### कोर्स की अवधि 220 से 240 घंटे

इस कोर्स की अवधि 220 से 240 घंटे निर्धारित की गई है। इसके लिये संभागीय मुख्यालय पर 100 और जिला स्तर के विद्यालय में 40 कम्प्यूटर एवं फर्नीचर से सुसज्जित लैब की स्थापना की गई है। इस लैब में इंटरनेट की सुविधा भी दी गई है।

# राज्यसभा के लिए शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश से रिक्त हो रहे राज्य सभा के पांच स्थानों के लिए चुनाव प्रक्रिया गुरुवार यानी आज से प्रारंभ हो गई है। अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन जमा होने लगेंगे। 15 फरवरी तक नामांकन लिए जाएंगे। 16 तारीख को इनकी जांच होगी और 20 फरवरी दोपहर तीन बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर 27 फरवरी को सुबह नौ से चार बजे तक मतदान कराया जाएगा। शाम पांच बजे से मतगणना होगी और फिर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

दलीय स्थिति के अनुसार चार भाजपा तो एक स्थान कांग्रेस को मिलना तय है। से राज्य सभा के पांच स्थान दो अप्रैल को रिक्त हो रहे हैं। इनमें से चार सदस्य भाजपा और एक कांग्रेस के हैं। इनका कार्यकाल समाप्त होने के पूर्व चुनाव कराया जाना है। इसके लिए प्रक्रिया गुरुवार को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ प्रारंभ हो जाएगी। नामांकन पत्र समिति कक्ष में लिए जाएंगे। यहीं मतदान भी कराया जाएगा, जिसकी संभावना कम है क्योंकि 230 सदस्यीय विधानसभा में 163 सदस्य भाजपा के हैं। इसके अनुसार पार्टी चार सदस्य प्रथम प्राथमिकता में सीधे निर्वाचित हो जाएंगे। यही स्थिति कांग्रेस की है। पार्टी के विधानसभा में 66 सदस्य हैं यानी एक सदस्य आसानी से जिताया जा सकता है।

# भोज में एडमिशन के लिए आवेदन 15 तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश भोज ओपन यूनिवर्सिटी में एमबीए, साइबर सिक्योरिटी सहित 34 कोर्सों में एडमिशन के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। रजिस्ट्रार प्रो. सुशील मंडेरिया ने बताया कि इनमें रोजगार परख कुछ नए कोर्स भी शामिल हैं। मुक्त विश्वविद्यालयों को एक सत्र में दो बार प्रवेश कराने की अनुमति है। इसमें जुलाई और जनवरी में प्रवेश दिए जाते हैं। विवि प्रबंधन की लापरवाही से जुलाई में जीरो प्रवेश रह गए हैं। द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 15 जनवरी से शुरू की गई थी।

## वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बीती रात नागदा में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत के सुपौत्र धीरज के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए।

# हरदा के बाद कांग्रेस ने उठाया सेहतगंज का मामला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पेटलावद, बालाघाट, दमोद और हरदा तो सामने आ चुके है अभी और कई उद्योग कभी भी घातक सिद्ध हो सकते हैं। सेहतगंज की शराब फेक्ट्री में अवैध रूप से बनाये गये टैंकरों का मामला 2021में उठा था। सरकार ने आश्वासन दिया था कि जांच कर कार्यवाही की जायेगी।लेकिन तीन साल से आश्वासन समिति में मामला लंबित है। इस अवैधानिक काम में जुडें आबकारी अधिकारी न केवल मजे में हैं बल्कि मंत्री के ओएसडी बनने की जुगत जमा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता भूपेन्द्र गुप्ता ने मोहन सरकार से मांग की है की दीपम जैसे दागी अफसर मंत्रियों के बंगले में बैठेंगे तो कभी भी विस्फोटक हादसे हो सकते हैं। सरकार संदिग्ध और नियम विरुद्ध बनाये गये इन टैंकों पर तत्काल कार्यवाही की जाए।

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस से कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# अवैध शराब बिक्री, ध्वनि प्रदूषण और नियम विरूद्ध मांस विक्रय पर नियंत्रण के लिए सजग रहे प्रशासनिक अमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में फटाका निर्माण इकाईयों के नियम विरूद्ध संचालन पर रोक के अलावा शराब के अवैध कारोबार को रोकने, कोलाहल नियंत्रण संबंधी कानूनों के उल्लंघन को रोकने और खुले स्थान में नियम विरूद्ध तरीके से मांस के विक्रय पर नियंत्रण के लिए प्रशासनिक अमला सक्रिय और सजग होकर कार्यवाही करे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कांफ्रेंस से कलेक्टर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि कुछ स्थानों से शराब के अवैध विक्रय और व्यापार की खबरें जानने को मिलती हैं। इसके लिए जिम्मेदार तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही होना चाहिए। इसके साथ ही नाबालिग बच्चों को भी नशे की लत लगाने के दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण के जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए। निर्धारित मापदण्ड से अधिक आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित है। विद्यार्थियों की परीक्षाओं का समय है। इस नाते हम सभी को संवेदनशील होकर इस संबंध में दायित्व निर्वहन करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि परीक्षाओं में नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए भी प्रभावी व्यवस्था लागू करें। शहरों और ग्रामों में मांस विक्रय का व्यवसाय करने वाले नियमों के विरूद्ध कार्य न करें। इसके लिए पूर्व में भी निर्देश दिए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि नियम पूर्वक व्यवसाय का संचालन होता रहे।



### जल संसाधन मंत्री ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

# निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं को समय पर पूरा करें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि विभागीय सिंचाई परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण किया जाए, जिससे प्रदेशवासियों को इन परियोजनाओं का लाभ मिल सके। मंत्री सिलावट मंत्रालय में सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में जलसंसाधन विभाग की पन्ना जिले में रूंज एवं मझगांव मध्यम सिंचाई परियोजना, ग्वालियर एवं चंबल में माधवराव सिंचाई परियोजना, छिंदवाड़ा जिले की पेंच डायवर्सन परियोजना, शिवपुरी जिले की चेंटीखेड़ा सिंचाई परियोजना व सतना व रीवा जिले की बहोती नहर परियोजना सम्मिलित की गई हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से प्रदेश में 438777 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा विकसित होगी। मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी निर्मित तालाबों में हो रहे अतिक्रमण को हटाया जाए।




सुविचार

'' जीवन में प्रयास सदैव कीजिए, लक्ष्य मिले या अनुभव दोनों ही अमूल्य हैं।''

-अज्ञात

संपादकीय

# चिंता बड़ी, कदम भी बड़े हों

*सियासत में दलबदल तो बहुत पुरानी परंपरा है और हर बार चुनाव के वक्त यह बड़े रूप में उभरता है। इसी तरह चुनावों में धांधलियों के आरोप भी नये नहीं हैं। मगर हाल में चंडीगढ़ में मेयर चुनाव के नतीजे तय होने के दौरान जो घटनाक्रम सामने आए हैं, वे हैरान करते हैं। चुनाव के बाद पीठासीन अधिकारी की ओर से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार की जीत का एलान किया गया, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने यह आरोप लगाया कि संख्या बल उनके पक्ष में होने के बावजूद आठ मत अमान्य करार दिए गए चुनाव प्रक्रिया के दौरान के जो वीडियो सुर्खियों में आए, उनमें एक में यह देखा जा सकता है कि पीठासीन अधिकारी मतपत्रों पर हस्ताक्षर कर रहे थे या कुछ लिख रहे थे। कांग्रेस और आप का यह आरोप है कि ऐसा करते हुए मतपत्रों पर निशान बनाए गए, जिन्हें बाद में अमान्य करार दिया गया। यह इसलिए भी गंभीर चिंता की बात है कि जिस दौर में लोकतांत्रिक पारदर्शिता और स्वच्छ चुनावों की मांग जोर पकड़ रही है, मतदान और मतगणना से जुड़े भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए सभी उपाय किए जाने की बात की जा रही है, उसमें खुद पीठासीन अधिकारी के स्तर पर ही खुले तौर पर पक्षपात करने की खबर आई। संभव है कि नतीजों से असंतुष्ट पक्ष की शिकायत को सिर्फ आरोप बता कर उन पर स्पष्टता का इंतजार किया जा सकता था, मगर सर्वोच्च न्यायालय ने इस संबंध में जो टिप्पणी की है, वह बेहद गंभीर है और सोचने पर मजबूर करती है कि अगर चुनाव में ऐसी हरकतों की छूट दी जाएगी, तो लोकतंत्र का क्या स्वरूप बचेगा! सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वीडियो में पीठासीन अधिकारी की गतिविधि को संदिग्ध बताते हुए सख्त टिप्पणी की और पूछा कि क्या इसी तरह से चुनाव होता है। प्रधान न्यायाधीश ने यहां तक कहा कि पीठासीन अधिकारी मतपत्र में बदलाव करते दिखे हैं! क्या यह एक पीठासीन अधिकारी का बर्ताव होना चाहिए? शायद यही वजह है कि अदालत ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हुए कहा कि हम ऐसा नहीं होने देंगे। यह समझना मुश्किल नहीं है कि जिस अधिकारी पर चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और स्वच्छता तय करने में एक अहम भूमिका निभाने की जिम्मेदारी थी, उसके खुद ही ऐसी गतिविधि में लिप्त होने की क्या वजहें होंगी। चुनावी प्रक्रिया से जुड़े शीर्ष अधिकारियों का यह दायित्व है कि वे किसी भी दल के प्रभाव से मतगणना और नतीजों को मुक्त रखना और कोई भी भ्रष्ट गतिविधि न होने देना सुनिश्चित करें। मगर अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि आसपास लोगों की मौजूदगी में पीठासीन अधिकारी ने खुद ही ऐसा कुछ किया, जिससे विपक्षी दलों को उस पर सवाल उठाने का आधार मिला। कुछ साल पहले तक मतपत्रों के जरिए होने वाले चुनावों में घोटालों को देखते हुए ईवीएम से मतदान की व्यवस्था बनी। मगर स्थानीय निकायों के चुनावों में अगर कहीं मतपत्रों से चुनाव होते हैं और उसमें किसी भी स्तर पर अनियमितता बरती जाती है, तो इस व्यवस्था को लेकर एक आशंका खड़ी होती है। अगर चुनाव प्रक्रिया में ही स्वच्छता और पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की जाएगी, तो उसके नतीजों के आधार पर बने शासन के केंद्रों को कैसे लोकतांत्रिक और ईमानदार कहा जा सकेगा। लिहाजा सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी की बहुत हौसला देती है कि, यदि जिम्मेदार लोग इस तरह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कुचल रहे हैं तो कहीं कोई है जो इसे देख रहा है और प्रक्रियाओं की शुचिता को लेकर चिंतित है।*

## निशाना

### तय परिणाम



*कस रही लगाम लगता।*
*आना तय परिणाम।।*
*बुरी उनकी कोशिशें।*
*हो रहीं नाकाम।।*
*इस बड़बोलेपन ने।*
*है घटाया मान।।*
*दुनिया ने भी खोल लिया।*
*आखिर आंख कान।।*
*हुआ अलाप बेअसर।*
*गए लगता हार।।*
*हुई उनसे ग़लती।*
*है करना स्वीकार।।*
*पड़ गए अकेले।*
*क़दम ग़लत उठाया।।*
*रहा यही यदि हाल।*
*हो सकता सफाया।।*

**- कृष्णेन्द्र राय**

# प्रगतिशील समाज के लिए जरूरी पहल, इसमें निहित हैं व्यापक हित

■ **हरबंश दीक्षित**

उत्तराखंड सरकार ने विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया है। जानकारी के अनुसार, इसमें सभी नागरिकों के कल्याण के लिए एक जैसे कानून का प्रस्ताव है। हलाला तथा तीन तलाक जैसी अमानवीय प्रथाओं को प्रतिबंधित कर दिया गया है। सभी धर्मों की तलाकशुदा महिलाओं के लिए समान रूप से भरण-पोषण की व्यवस्था की गई है। सभी लड़कियों के विवाह की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष कर दी गई है। लिव-इन संबंधों के कारण अक्सर विवाद और हिंसा की खबरें आती रहती हैं। इससे निपटने के लिए उनका पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। बहुपत्नी प्रथा को समाप्त करके सभी के लिए केवल एक विवाह का नियम प्रस्तावित है।

संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता की स्पष्ट व्यवस्था के बावजूद सरकारें इस दिशा में आगे कदम बढ़ाने से हिचकती रहीं। संविधान का अनुच्छेद 44 सबसे अधिक दुष्प्रचारित हिस्सों में से एक है। इस उपबंध के साथ बहुत अन्याय हुआ है। इसमें देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाने की बात कही गई है। इसमें सरकार से अपेक्षा की गई है कि वह लिंग, क्षेत्र, भाषा की परवाह किए बगैर सभी के लिए एक जैसा कानून बनाए, जो मानवीय गरिमा का सम्मान करे, उसे सुरक्षा बोध दे और सभ्य समाज के मानकों पर खरा भी उतरे।

दुर्भाग्यवश अनुच्छेद 44 की इस पवित्र मंशा को आगे बढ़ाने, उस पर तार्किक बहस करने के बजाय उसे सांप्रदायिक रूप देकर अछूत बना दिया गया। सुप्रीम कोर्ट का आग्रह बेकार गया। यह दस्तूर आज भी कायम है।

संविधान निर्माताओं ने महसूस किया कि विवाह और भरण-पोषण से जुड़े मामलों का संबंध किसी पूजा-पद्धति से नहीं है, बल्कि इसका संबंध इंसानियत से है। निःसंतान व्यक्ति यदि किसी बच्चे को गोद लेकर अपनी वंश-परंपरा को आगे बढ़ाना चाहता है या उससे उसको सुरक्षा बोध का एहसास होता है, तो उससे किसी पूजा-पद्धति की अवमानना कैसे हो सकती है? यदि किसी कानून से किसी महिला को सामाजिक सुरक्षा मिलती है या पति से अलग होने या पति के नाराज होने के बाद उसे दर-बदर भटकने के बजाय गुजारे-भत्ते की व्यवस्था की जाती है, तो इसमें उसका धर्म कहां से आड़े आता है? महिला-पुरुष के वैवाहिक संबंधों में यदि समानता सुनिश्चित की जाती है, तो इससे किसी भी सभ्य समाज को शर्मिंदगी नहीं, अपितु गर्व होना चाहिए।

आजादी के बाद हिंदू विधि में व्यापक परिवर्तन किए गए। हिंदू विवाह अधिनियम द्वारा बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाया गया। पति-पत्नी को विवाह-विच्छेद करके सम्मानपूर्वक एक-दूसरे से अलग रहने का अधिकार दिया गया। महिलाओं को भरण-पोषण का अधिकार दिया गया। पिता की संपत्ति में बेटियों को भी अधिकार देने की परंपरा शुरू हुई। संतान को गोद लेने के मामलों में भी पति के एकाधिकार को तो?ते हुए महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश की गई। हिंदू कानून में किए गए सुधारों में मानवाधिकारों और समानता के सिद्धांतों की तरजीह दी गई। पर वोट बैंक खिसकने की स्वार्थी सोच के कारण दूसरी जगहों पर ऐसा नहीं हो सका और उन्हें बेहतरी के मौके से लगातार वंचित रखा गया।

आधुनिक सोच का लाभ दूसरे मतावलंबियों को भी हासिल हो, इसके लिए अदालतें लगातार कोशिश करती रही हैं। मोहम्मद अहमद खान बनाम शाहबानो मामले (1985) में सुप्रीम कोर्ट ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह खेद का विषय है कि अनुच्छेद 44 में तय राज्य की जिम्मेदारी अब निर्जीव शब्द समूहों का संग्रह बनकर रह गई है। अदालत ने कहा कि मुस्लिम समाज को इस मामले में पहल करने की जरूरत है, ताकि प्रगति की दौड़ में वे दूसरों से पीछे न रहें। हैरानी की बात यह है कि शाहबानो के जिस मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट ने लोगों से आगे बढ़ने की पहल का आह्वान किया, उसके दुष्प्रचार ने समान नागरिक कानून की पहल को सबसे मर्मांतक चोट पहुंचाई। उसके बाद सरला मुद्गल तथा लिली थॉमस जैसे कई प्रकरणों में सर्वोच्च न्यायालय ने समान नागरिक कानून के नहीं होने के दोषों को उजागर करते हुए इसका तुरंत क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया।

वैवाहिक मामलों में वैयक्तिक विधि के दुरुपयोग से विचलित होकर अदालत ने कहा कि अब तो इसका दुरुपयोग कानून को धोखा देने के लिए होने लगा है। जब वैवाहिक साथी से छुटकारा पाना हो, तो कुछ समय के लिए अपना धर्म बदलकर दूसरी शादी कर ली, क्योंकि दूसरे धर्म से जुड़े कानून में उसे मान्यता दी गई है। उसके बाद अपनी मर्जी से तलाक देकर उस महिला से छुटकारा पा लिया, क्योंकि उस धर्म का कानून इसकी इजाजत देता है। सुप्रीम कोर्ट और कई विद्वानों ने इसी कमी की ओर बार-बार इशारा किया, पर हमारे राजनीतिक नेतृत्व के ऊपर इसका कोई असर नहीं पड़ा। प्रो ताहिर महमूद ने अपनी पुस्तक मुस्लिम पर्सनल लॉ (1977) में तथा न्यायमूर्ति एमएच बेग ने इम्पैक्ट ऑफ सेक्यूलरिज्म (1973) में भी संविधान के अनुच्छेद 44 को अमली जामा पहनाने का आह्वान किया, किंतु शाहबानो प्रकरण के दुःस्वप्न से अब भी कोई उबरने को तैयार नहीं है।

समाज के व्यापक हितों के मद्देनजर समाज के पंथनिरपेक्ष हित चिंतकों को आगे ब?कर इस दिशा में पहल करने की जरूरत है, ताकि हम एक प्रगतिशील समाज के रूप में एकजुट हो सकें।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**




# पेटीएम पर सख्ती से ग्राहकों के माथे पर शिकन, संशय बरकरार

■ **सर्वेश कुमार**

पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर भारतीय रिजर्व बैंक की सख्ती के बाद से ग्राहकों के माथे पर शिकन और संशय बरकरार है। लोग अब पेटीएम वालेट, फास्टैग और मोबिलिटी कार्ड के इस्तेमाल के लिए दूसरे यूपीआई विकल्पों को तलाशने लगे हैं। एक मार्च से पहले ऐसे लाखों ग्राहक अपना रुख बदलने की तैयारी में है। हालांकि कंपनी ने मौजूदा हालात में सुधार का भरोसा दिलाया है।

नियमों की अनदेखी पर रिजर्व बैंक की सख्ती से 29 फरवरी के बाद ग्राहकों को पेटीएम वालेट, फास्टैग या मोबिलिटी कार्ड के इस्तेमाल का मौका नहीं मिल सकेगा। केंद्रीय बैंक ने केवाईसी में खामी और धनशोधन मामले की आशंका के बाद पेटीएम पर प्रतिबंध लगाया है। शेयर बाजार में सूचीबद्ध पेटीएम पेमेंट्स बैंक को फरवरी के बाद बैंकिंग सेवाएं देने से रोक दिया गया है।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड, पेटीएम की एक सहयोगी कंपनी है और इसके 10 करो? से अधिक केवाइसी ग्राहक हैं। इसके 30 करो? वालेट उपयोगकर्ता, 3 करो? बैंक खाता धारक के अलावा फास्टैग में 17 फीसद बाजार की हिस्सेदारी है। मार्च 2022 में भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर नए ग्राहक बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। बैंकिंग नियामक ने पिछले बुधवार को कहा था कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक एक मार्च से जमा या ऋण उत्पादों का लेनदेन नहीं कर पाएगा।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने रिजर्व बैंक से पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. को ग्राहक खातों में जमा या 'टाप-अप' स्वीकार करने से रोकने के लिए की गई हालिया कार्रवाई पर अपनी रिपोर्ट साझा करने को कहा है।धन शोधन मामले में नियमों के उल्लंघन की पहले ही एजेंसियां जांच कर रही है। उधर, पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने कहा है कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया है। कंपनी का कहना है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) के खिलाफ धन शोधन या विदेशी विनिमय नियमों के उल्लंघन को लेकर जांच नहीं की जा रही है।




**नियमों की अनदेखी पर रिजर्व बैंक की सख्ती से 29 फरवरी के बाद ग्राहकों को पेटीएम वालेट, फास्टैग या मोबिलिटी कार्ड के इस्तेमाल का मौका नहीं मिल सकेगा।**

**रिपोर्ट के अध्ययन के बाद आगे की कार्रवाई:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और वित्तीय आसूचना इकाई (एफआइयू) ने रिजर्व बैंक (आरबीआइ) से पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि को ग्राहक खातों में जमा या 'टाप-अप' स्वीकार करने से रोकने के लिए हाल में की गई कार्रवाई पर अपनी रिपोर्ट साझा करने को कहा है। मनी लांड्रिंग निरोधक कानून (पीएमएलए) के तहत नियमों के उल्लंघन का जांच करने वाली एजेंसियां प्रवर्तन निदेशालय और वित्तीय आसूचना इकाई पहले से ही धनशोधन रोधक कानून के प्रावधानों के तहत भुगतान मंचों से संबंधित मामलों की जांच कर रही हैं।

उसकी मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस, संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा तथा पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) के खिलाफ मनी लांड्रिंग या विदेशी विनिमय नियमों के उल्लंघन को लेकर जांच नहीं की जा रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने आरबीआई से अपनी नवीनतम रिपोर्ट साझा करने को कहा है ताकि वह विश्लेषण कर सके कि क्या उसे पीपीबीएल के खिलाफ जांच शुरू करने की जरूरत है।

एजंसी चीन की कंपनियों के नियंत्रण वाले मोबाइल-फोन एप्लिकेशन के खिलाफ मनी लान्ड्रिंग जांच के हिस्से के रूप में पेटीएम और अन्य आनलाइन भुगतान वालेट की जांच कर रही है। ये वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के मंचों पर बनाई गई व्यापारी आइडी का उपयोग करके मनी लांड्रिंग गतिविधियों में कथित रूप से शामिल थीं। सूत्रों ने कहा कि रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। एजंसी नई जांच शुरू कर सकती है या पेटीएम से जुड़ी चल रही जांच में नए आरोप शामिल कर सकती है।

एफआइयू ने भी यह विश्लेषण करने के लिए आरबीआई से रिपोर्ट मांगी है कि क्या पेटीएम या पीपीबीएल ने मनी लांड्रिंग रोधक कानून की धारा 13 के तहत 'रिपोर्टिंग इकाई' के रूप में आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किया है। सूत्रों ने कहा कि धनशोधन रोधक कानून की इस धारा के तहत एक वित्तीय संस्थान, बैंक या मध्यस्थ को अपने ग्राहकों और लाभकारी मालिकों की पहचान को प्रमाणित करने वाले सभी लेनदेन और दस्तावेजों के रिकार्ड को बनाए रखने के साथ-साथ संबंधित विवरण एफआइयू को प्रस्तुत करना होता है। एफआइयू वित्त मंत्रालय के अंतर्गत काम करता है। इसका काम देश में आर्थिक 'चैनलों' में धनशोधनऔर काले धन का पता लगाना है।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

## आज का इतिहास

- 1788–आस्ट्रिया ने रूस के खिलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
- 1801–फ्रांस और आस्ट्रिया ने लुनेविल्लै शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1824–उन्नीसवीं सदी के प्रसिद्ध बंगाली कवि और नाटककार माइकल मधुसूदन दत्ता ने ईसाई धर्म अपनाया।
- 1922–भारत के प्रसिद्ध होटल उद्योगपति तथा 'होटल लीला समूह' के संस्थापक सी. पी. कृष्णन नायर का जन्म।
- 1931–भारत में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में चित्र समेत डाक टिकट जारी किया गया।
- 1941–ब्रिटिश सेना ने लीबिया के तटीय शहर अल अघीला पर क़ब्ज़ा किया।
- 1951–स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना करने के लिये सूची बनाने का कार्य शुरु किया गया।
- 1962–अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1964–भारत के राजनीतिज्ञ और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का जन्म।
- 1973–बीजू पटनायक उड़ीसा की राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने गए।
- 1979–अफ्रीकी देश नाइजीरिया में संविधान बदला गया।
- 1991–लिथुआनिया में मतदाताओं ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए मतदान किया।
- 1999–यूगांडा में एड्स के टीके 'अलवाक' का परीक्षण, भारतीय निर्देशक शेखर कपूर की फ़िल्म 'एलिजाबेथ' आस्कर पुरस्कार हेतु नामित।
- 2001–शिवानतरा थाइलैंड के नए प्रधानमंत्री निर्वाचित, चीन-तिब्बत रेलमार्ग को मंजूरी, तालिबान का पाक से प्रत्यर्पण संधि से इंकार।
- 2002–अफ़ग़ानिस्तान की पूर्व तालिबान सरकार के विदेश मंत्री मुत्तवकील का आत्मसमर्पण।
- 2007–पाकिस्तान की विपक्ष पार्टी जमायती उलेमा इस्लामी ने जिन्ना को स्वतंत्रता सेनानी की सूची से हटाया।
- 2008–प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता व दीन-दुखियों के देवता बाबा आम्टे का निधन।
- 2009–सर्वोच्च न्यायालय ने ताज व उसके आसपास अवैध निर्माण पर यू॰ पी॰ सरकार को नोटिस दिया।
- 2010–भारत सरकार ने बीटी बैंगन की व्यावसायिक खेती पर अनिश्चित काल के लिए रोक लगाई।
- 2016–जर्मनी के बवारिया प्रांत में दो ट्रेनों की टक्कर में 12 लोगों की मौत और 85 अन्य घायल।
- 2020–हिन्दी के प्रसिद्ध उपन्यासकार, सशक्त कथाकार, नाटककार और आलोचक गिरिराज किशोर का निधन।

## एसडीएम, एसडीओपी और अन्य संबंधित अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र में किया निरीक्षण

# जिले में पटाखा दुकानों सहित पेट्रोल पंप और गैस गोदामों का किया संयुक्त निरीक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार आज समस्त पटाखा दुकानों सहित पेट्रोलपंप और गैस गोदामों का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस और अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने क्षेत्र में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत बारीकी से निरीक्षण किया गया। नर्मदापुरम शहर में भी सिटी मजिस्ट्रेट संपदा गुर्जर, एसडीओपी पराग सैनी और सीएमओ नवनीत पांडे द्वारा संयुक्त रूप से पटाखा दुकानों , पैट्रोल पंप्स और गैस गोदामों का निरीक्षण किया गया।

अधिकारियों द्वारा जांच के दौरान प्रमुख रूप से संग्रहण/विक्रय स्थल के आस-पास आबादी की दूरी,आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था जिसमें अग्निसमन यंत्र,रेत की बोरी, पानी की उपलब्धता, सुरक्षा उपकरण एवं अग्निसमन



वाहन पहुचने के संबध में रास्ता, स्वीकृत आयुध का ही संग्रहण / विक्रय किया जा रहा है या नही, स्वीकृत आयुध विस्फोटक वेन जिनकी वैद्य अनुमति हो से परिवहन किया जा रहा है की नही,विस्फोटक पदार्थों से सभी कार्य सूर्योदय तथा सूर्यास्त के बीच किया जा रहा है की नही,विस्फोटक के लिए जारी वैद्य शार्ट फायर परमिट धारी व्यक्ति नियुक्त है की नही,विस्फोटक सामग्री परिवहन की जानकारी संबंधित थाने को दी जा रही है की नही, स्वीकृत स्थल में संग्रहण केन्द्र का भवन पक्का / कच्चा की जानकारी,सुरक्षा हेतु नियत स्थान के समीप आम जनता को सूचित करने की व्यवस्था एवं सायरन की व्यवस्था है कि नही,संग्रहण केन्द्र पर विस्फोट होने की स्थिति में प्राथमिक उपचार व्यवस्था एवं एम्बूलेन्स की उपलब्धता है की नही ,संग्रहण केन्द्र 9 वर्गमीटर से अन्यून और 25 वर्गमीटर से अनधिक का है की नही संग्रहण केन्द्र ग्रामीण मार्ग / राजकीय मार्ग / राष्ट्रीय राजमार्ग/रेल मार्ग से कितनी दूरी , अनुज्ञप्ति सहित अन्य बिंदुओं पर जांच की गई।

# जिले में राजस्व संग्रहण में लक्ष्य प्राप्त करने कलेक्टर के निर्देश

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

वित्तीय वर्ष 2023-2024 में राजस्व संग्रहण में प्रगति लाये जाने के संबंध में राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव श्री निकंज कुमार श्रीवास्तव सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वर्ष 2023-24 में निर्धारित राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को शीघ्र ही प्राप्त करें। राजस्व विभाग द्वारा सीहोर जिले को राजस्व संग्रहण के लिये 21 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के राजस्व संग्रहण लक्ष्य के अनुरूप 31 मार्च 2024 तक अनिवार्य रूप से किया जाये।

राजस्व संग्रहण के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण नही होने से, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये राजस्व विभाग द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किये गये थे। अपेक्षा के अनुरूप राजस्व वसूली नही की गई है। राजस्व संग्रहण की यह स्थिति चिन्ताजनक है।वित्तीय वर्ष की समाप्ति में अब मात्र 2 माह से कुछ अधिक का समय शेष है। राजस्व संग्रहण के लक्ष्य 21 करोड़ को प्राप्त करने के लिये, अधीनस्थ राजस्व अधिकारियों को कठोर निर्देश जारी करें।राजस्व संग्रहण में प्रगति लाये जाने के लिए राजस्व विभाग निरन्तर समीक्षा किया जाना सुनिश्चित करें।

## प्रगतिरत आवासों को शीघ्र पूर्ण कराएं: कलेक्टर

# कलेक्टर ने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर ने ग्रामीण विकास अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, पंचायतों में कर वसूली, ग्रामीण आजीविका मिशन, विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा की गई एवं योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान प्रगतिरत आवास कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये एवं प्रगतिरत आवासों की स्तरवार समीक्षा की गई।

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत निर्देश दिये गये कि ग्राम पंचायत में निर्मित स्वच्छता परिसरों का ग्रामीण उपयोग कर सकें, स्वच्छता परिसरों में पानी की व्यवस्था हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। परिसरों में नियमित साफ सफाई का प्रबंधन किया जाए, ग्रामों को पूर्णतः स्वच्छ रखने हेतु संबंधित अमले का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये। जिसमें ठोस तथा तरल अवशिष्ट निपटान के विभिन्न आयामों पर प्रशिक्षण के निर्देश दिये गये।

मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष के लक्षित लेबर बजट की तुलना में वर्तमान प्रगति की समीक्षा की गई एवं 15 मार्च से पूर्व लक्षित लेबर बजट पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। किसानों को नहरों से सिंचाई का पर्याप्त लाभ मिल सके, इस हेतु जल संसाधन विभाग से समन्वय कर मनरेगा योजना के तहत नहरों की साफ सफाई एवं मरम्मत कार्यों के प्राक्कलन तैयार कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये। साथ ही गौशालाओं की समीक्षा की गई एवं निर्देश दिये गये कि गौशालाओं में पर्याप्त क्षमता एवं शासन निर्देशानुसार गायों को रखना सुनिश्चित किया जाये। सड़कों पर आवारा पशु न रहें यदि आवारा पशु रहते हैं तो उन्हें गौशालाओं में रखा जाये। गौशालाओं से प्राप्त होने वाले गोबर एवं गौमूत्र से फिनाइल, गौकाष्ट व अन्य उत्पाद तैयार कराये जायें एवं उनका विक्रय सुनिश्चित कर समूहों को लाभान्वित किया जाये।

अमृत सरोवर कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि सरोवरों का निर्माण निर्धारित मापदंडों अनुसार गुणवत्ता पूर्ण किया जाए। किसी भी सरोवर में सीपेज की स्थिति निर्मित न हो, यह ध्यान रखा जाए। ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत समूह गठन, बैंक लिंकेज, रोजगार मेलों, स्वरोजगार के प्रशिक्षण, गणवेश वितरण आदि की समीक्षा की गई एवं निर्देश दिये गये कि समूहों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उन्हें अन्य नवीन गतिविधियों से जोड़ा जाए, जिससे अधिक आय सृजित हो सके। प्रधानमंत्री पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन की समीक्षा करते हुए सभी शालाओं में प्रतिदिन मेनू अनुसार भोजन वितरण के निर्देश दिये गये। कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि ग्राम पंचायतों में जलकर, सम्पत्तिकर व अन्य करों की वसूली सुनिश्चित करते हुए ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाया जाए। बैठक में सामाजिक न्याय के तहत वितरण होने वाली विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा की गई साथ ही निर्देश दिये गये कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के नवीन प्रकरणों को तैयार कर विवाह आयोजनों की तैयारी की जाए। कलेक्टर द्वारा सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को नियमित भ्रमण करने ग्राम पंचायतों में स्वच्छता का मुआयना कर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने समग्र एवं आधार को लिंक किये जाने की प्रगति बढ़ाने एवं आयुष्मान कार्डों को सेचुरेशन मोड में बनाए जाने के निर्देश भी दिए गए।

सामाजिक अंकेक्षण की समीक्षा के दौरान जिले की लक्षित 427 ग्राम पंचायतों में समय सीमा में सामाजिक अंकेक्षण कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस. एस. रावत, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, जिला पंचायत के समस्त योजना प्रभारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी, समस्त बी.सी. एवं समस्त जिला पंचायत अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संकट की घड़ी में सरकार प्रभावितों के साथ, पूरी मदद दी जाएगी: सीएम

## जिला अस्पताल में घायलों का हाल-चाल जाना, गंभीर घायलों को एक-एक लाख रु., मृतकों को 4-4 लाख रू. की मदद

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिला अस्पताल हरदा पहुंचकर पटाखा दुर्घटना में हुए घायल व्यक्तियों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। डॉ. यादव ने अस्पताल प्रबंधन को दुर्घटना



में घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों को आश्वस्त किया कि संकट की घड़ी में सरकार प्रभावितों के साथ है। पीड़ितों को हर संभव मदद दी जाएगी।

घायल व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बताया कि हादसे में उनके घर पूरी तरह टूट गए हैं। मवेशी भी मारे गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरदा कलेक्टर को क्षतिग्रस्त आवासों की लिस्टिंग कर पीड़ित परिवारों को आवास के लिये उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घायल मवेशियों का बेहतर उपचार किया जाएगा। मृत हुए मवेशियों का मुआवजा भी प्रभावित व्यक्तियों को उपलब्ध कराया जायेगा।

पूर्व मंत्री कमल पटेल, प्रमुख सचिव गृह संजय दुबे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जयदीप प्रसाद, संभागायुक्त नर्मदापुरम डॉ पवन कुमार शर्मा, आयुक्त स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सुदाम पी खाड़े, पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली, हरदा कलेक्टर ऋषि गर्ग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### गंभीर घायलों को 1-1 लाख रु. की दी मदद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हादसे में गंभीर रूप से घायल 5 व्यक्तियों को गोविंद मूलचंद चंदेल, हेमंत दिनेश, असगर सज्जाद हुसैन, यूसुफ अख्तर और घनश्याम नर्मदा प्रसाद को 1-1 लाख रुपए राशि की आर्थिक सहायता का चेक वितरित किया। उन्होंने अन्य घायलों को 25-25 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी।

### मृतकों को 4-4 लाख रुपये की मदद एवं परिजनों को ढढांस बधाया

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मृतकों के परिजनों को ढढांस बधाया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इसके अतिरिक्त भी हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को हुई इस दुर्घटना में जिन 10 लोगों की मृत्यु हुई थी, उनमें बानो बी पिता सलीम खान, प्रियांशु पिता मुन्नालाल प्रजापति, मुबीन खान पिता सफुर खान, अनुज पिता शोभाराम कुचबंदिया, आबिद पिता रहमान खान, उषा पिता मुकेश चंदेल, मुकेश पिता तुलसीराम बेलदार, अयाज पिता सिराज खान, प्रमिलाबाई पिता सुनील चौहान तथा रहीम पिता रौशन खान शामिल है।

## आबकारी विभाग इटारसी एवं नर्मदापुरम की संयुक्त कार्यवाही

# हाथभट्टी कच्ची शराब 122 लीटर एवं 2450 किलोग्राम महुआ लहान जप्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



कलेक्टर के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के बिक्री, निर्माण, परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नर्मदापुरम शहर में आबकारी दल द्वारा भीलपुरा एवं मदारवाड़ा के संदिग्ध स्थलों पर छापामार कार्यवाही कर 42 लीटर हाथभट्टी शराब एवं 200 किलोग्राम महुआ लाहान जप्त कर प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34.1(क) के तहत 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए 7 जप्त की गई सामग्री की अनुमानित कीमत रू.28400/- है। औद्योगिक क्षेत्र इटारसी में ग्राम पारछा एवं नागपुर कला में कार्यवाही की गई। आरोपियों के विरुद्ध कायम प्रकरण 3 कायम जप्त सामग्री 40 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा एवं 1200 किलोग्राम महुआ लाहन इटारसी शहर में सूरजगंज और नाला मोहल्ला क्षेत्र में दविश देकर कुल 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवम 1050 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया. आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 03 प्रकरण कायम किए गए जप्त सामग्री की अनुमति कीमत 113000, कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सुयश फौजदार, राजेश साहू, के के पडरिया, आबकारी मुख्य आरक्षक रघुवीर निमोदा आरक्षक मदन रघुवंशी नर्मदा प्रसाद मेहरा मनोज रघुवंशी गोपाल रघुवंशी रामदत्त शर्मा, विकास लोखंडे धर्मेन्द्र बारंगे, दुर्गेश पडरिया आदि स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा 7 आबकारी टीम द्वारा सटीक सूचनाएं संकलित कर इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेंगी।

# विद्यार्थियों ने योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया

## नर्मदा कॉलेज में पंद्रह दिवसीय योग शिविर प्रारंभ



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आंतरिक परिवाद कमेटी, महिला प्रकोष्ठ एवं योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में नर्मदा कॉलेज में पंद्रह दिवसीय योग शिविर का प्रारंभ किया गया ।शासन प्रोटोकॉल के अनुसार शिविर में योग आसनों के साथ जल नेति और रबड़ नेति प्रक्रिया अनिवार्यतः की जानी है। साथ ही प्राणायाम, आसन, सूर्य नमस्कार के साथ विभिन्न यौगिक क्रियाएं संचालित की जा रही हैं ।प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे द्वारा किया गया। उन्होंने जानकारी दी की शिविर में योग प्रशिक्षक राकेश चौहान द्वारा प्राध्यापकों विद्यार्थियों और समस्त स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योग शिविर प्रातः और सायंकालीन दो पालियों में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग विज्ञान भारतवर्ष की सबसे प्राचीन संस्कृति और जीवन पद्धति है, इस ज्ञान के बल पर भारतीय स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन जीते थे। कार्यक्रम में डॉ सविता गुप्ता, डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे, डॉ एन आर अडलक, डॉ यास्मीन खान , श्रीमती जय श्री नंदनवार, डॉ कुमुदिनी गार्गव, रौशनी थापक,डॉ नीता वर्मा, स्नेहा दुबे, तृप्ति पाराशर, संजीव चौहान एवं डॉ अंजना यादव सहित अधिक संख्या में विद्यार्थियों ने योग शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ लिया।

## मेट्रो एंकर | औषधीय पौधों के विक्रय के लिए स्थानीय मंडियो एवं मूल्य की दी जानकारी

# देवारण्य योजना के तहत जिले के किसानों को औषधीय खेती का दिया गया प्रशिक्षण



**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

राज्य औषधि पादप बोर्ड व आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार देवारण्य योजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र में दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। कार्यशाला में 37 किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि जिस शास्त्र में औषधीयों के गुणधर्म, रस, गुण, वीर्य विपाक, आदि का वर्णन हो उसे आयुर्वेद कहते हैं। आयुर्वेद जीवन का विज्ञान है ।आज आवश्यकता है बढ़ती हुई जनसंख्या की रोगों के निदान के लिए उत्तम गुणवत्ता युक्त औषधि की। आयुर्वेद में अश्वगंधा को रसायन औषधि शतावरी को स्तन्यजनन और तुलसी को विषमज्वरघ्न कहा है।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक श्री दीपक कुशवाह, धर्मेंद्र, पवन जाट ने किसानों को औषधीय पौधों का प्रक्षेत्र भ्रमण कर मृदा की जीवटता व मृदा जैव विविधता की सुरक्षित तकनीक की जानकारी दी । इसके साथ ही औषधीय पौधे अश्वगंधा, शतावरी, तुलसी का महत्व, उन्नत खेती की विधि, उपयोगिता एवं खेत की तैयारी से लेकर औषधीय पौधों की कटाई तथा भंडारण तक प्रयोग में की जाने वाली तकनीकों एवं भारत में औषधीय पौधों के विक्रय के लिए स्थानीय मंडियो एवं मूल्य की जानकारी दी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ नवनीत कुमार द्विवेदी और डॉ. अरुण सिंग सेंगर ने बताया कि प्रशिक्षण में जिले के 37 किसानों ने पंजीकरण कराया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के अतिथि अनिल मुकाती, डॉ.जितेंद्र झारिया सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।




### एसडीएम ने लोकसेवा तथा आधार केंद्र का लिया जायजा

# अधिक फीस वसूली गई तो होगी कड़ी कार्रवाई व्यवस्थाएं ठीक करने के दिए निर्देश: चौधरी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बुधवार को एसडीएम हर्षल चौधरी ने लोकसेवा एवं आधार सेंटर का औचक निरीक्षण करते हुए, मौके पर मिले आवेदकों की समस्या जानते हुए तत्काल एसडीएम ने कहा कि आवेदन देने के लिए आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी होनी चाहिए बैठने के लिए उचित व्यवस्था की जाए सूचना पटल लगाया जाए किस काम की कितनी फीस लगती है और कितने दिन में उसकी जानकारी उसको प्राप्त होगी। साफ-सफाई भी होनी चाहिए अनियमिताएं किसी भी तरह की नहीं होनी चाहिए जितनी फीस निर्धारित की है, उससे अधिक



फीस वसूली गई तो कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। ज्ञात होकि विधायक उमाकांत शर्मा ने लोकसेवा तथा आधार केंद्रों पर हो रही अवैध वसूली को लेकर नाराजगी व्यक्त की थी, इससे पहले यहां पर जिस व्यक्ति के पास केंद्र था उस पर अधिक पैसे वसूलने की आरोप लगा रहे थे। इसकी जिम्मेदारी अव दूसरे व्यक्ति के पास पहुंच गई है अब देखना है कि एसडीएम और अधिकारी निरीक्षण के बाद व्यवस्थाओं में कितना बदलाव होगा या नहीं क्योंकि यहां पर सेवा देने के बदले में अधिक फीस लेने का काम खुलेआम की किया जा रहा था जबकि यह सेंटर एसडीएम कार्यालय के पास में ही संचालित हो रहे हैं।

## राजस्व न्यायालय के काम में आई तेजी, 90 प्रतिशत आवेदनों का समाधान



दोपहर मेट्रो
खबर का असर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

राजस्व न्यायालय में बिना सेवा के नहीं हो रही सुनवाई और अटके पड़े 300 से अधिक प्रकरणों की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसके बाद विधायक उमाकांत शर्मा ने नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम हर्षल चौधरी को इस और ध्यान देकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदरों के न्यायालय के प्रकरणों में प्रगति लाने के लिए सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए थे इसी का परिणाम है कि इनके प्रकरणों में प्रगति देखने को मिलेगी एसडीएम हषर्ल चौधरी ने बताया कि 90 प्रतिशत मामलो में निराकरण हो गया है। हमारा प्रतिशत 100 आवेदनों पर 90 प्रतिशत आवेदनों मे समाधान कर दिया गया है। यहां जिले में सर्वाधिक वृद्धि दूसरी ओर अधिकांश मंडलों में बंटवारे, नामांतरण फोती नामांतरण से लेकर अन्य प्रकरणों में पहले सेवा उसके बाद ही मेवा देने का काम किया जा रहा था। जिसका समाचार हमारे संवाददाता द्वारा जनित में प्रमुखता से प्रकाशित किया था उसके बाद सभी जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया था।

### भाजपा सरकार में जनप्रतिनिधियों को हल्के में ले रहे हैं विभाग प्रमुख

# संचार संकर्म समिति की हुई बैठक, सीईओ बोलीं वरिष्ठ अधिकारियों को लिखेंगे पत्र

**सिरोंज दोपहर मेट्रो।**

जनपद पंचायत में विभागों में होने वाले निर्माण कार्यो की समीक्षा के लिए होने वाली बैठक में शामिल होने का समय भी जिम्मेदारों के अधिकारी नहीं निकल पा रहे हैं 1 साल से विभाग प्रमुख जनप्रतिनिधियों मूर्ख बना रहे हैं बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं या फिर जानबूझकर जनप्रतिनिधियों की अनदेखी करने का काम किया जा रहा है। तभी तो संचार संकर्म समिति की बैठक में विभाग प्रमुख शामिल नहीं हो रहे हैं या फिर भ्रष्टाचार की कई पोल ना खुल जाए इसलिए नहीं जाते हैं। दूसरी बार विभाग प्रमुख होने बैठक में उपस्थिति दर्ज करना उचित नहीं समझा बैठक में समिति सभापति से लेकर अन्य सदस्य भी मौजूद थे, जिन विभाग प्रमुखों को बैठक में शामिल होकर अपने-अपने विभाग संचालित होने वाली की योजनाओं की जानकारी देनी थी जो काम हो रहे थे उनकी समीक्षा उन्होंने बैठक में की जाती इस महत्वपूर्ण बैठक में भी इन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज करना जरूरी नहीं समझा इसके बाद समिति के सभापति तथा सभी सदस्यों ने जनपद सीईओ वंदना शर्मा को लिखित में शिकायत करते हुए कहा कि संचार संकर्म की बैठ समिति की बैठक में जितने विभागों को सूचना



देकर बैठक के लिए बुलाया गया था।1 साल से इसी तरह की स्थिति देखने को मिल रही है बैठक की सूचना होने के बाद भी विभाग प्रमुख शामिल नहीं हुए ऐसे लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई कार्रवाई की मांग करते हैं। जिस पर जनपद सीईओ ने कहा कि मनरेगा विभाग और आरडीएस विभाग के अधिकारियों पर हम कार्रवाई करेंगे अन्य विभाग प्रमुखों पर कार्रवाई करने का अधिकार मेरे पास नहीं है पर इनकी अनुपस्थिति की सूचना प्रतिलिपि के साथ कलेक्टर, जिला सी ई ओ एवं एसडीएम को भेजी जाएगी वहीं से इन पर कार्रवाई होगी वहीं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा जैसा निर्देश प्राप्त होगा। इस तरह से लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए बुधवार को संचालित संकर्म की बैठक होनी थी इसमें शामिल होने के लिए सभापति कलेक्टर सिंह यादव स के साथ समिति के सदस्य 2:00 बजे बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच गए थे काफी देर तक विभाग प्रमुखों का इंतजार किया गया पर कोई नहीं आया इसके बाद सभी ने निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए लापरवाही और बैठक में नहीं आने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भी तैयार किया अव देखना है कि जनप्रतिनिधियों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई होगी या नहीं।

#### भ्रष्टाचार की पोल खुलने का सताता है डर

समिति के सभापति और सदस्यों ने आरोप लगाते हुए कहा कि 1 साल से बैठक में विभागों के अधिकारी नहीं आ रहे हैं जबकि बैठक के लिए बाकायदा पत्र जारी होता है एजेंडा भी दिया जाता है फिर भी यह नहीं आते हैं क्योंकि जनप्रतिन ईमानदारी से अपने क्षेत्र में विकास कार्य करवाना चाहता है। लेकिन जिन अधिकारियों के द्वारा भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है उनको डर सताता है कि कहीं इनकी पोल जनप्रतिनिधियों के सामने खुल जाएगी इस वजह से बैठक में नहीं आते हैं।

#### इनका कहना है

*जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की भी अवहेलना की जा रही है ऐसे लापरवाही अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए निंदा प्रस्ताव पास करके लिखित में शिकायत भी की है।*

**कलेक्टर सिंह यादव**, *सभापति संचार सत्कर्म समिति*

*जिनके ऊपर में कार्रवाई कर सकती हूं उनको मनरेगा आर ईएस अधिकारियों को पत्र जारी करके जवाब लूंगी दूसरी ओर विभाग प्रमुखों पर कार्रवाई करने का अधिकार मेरे पास नहीं है पर सभापति के द्वारा की गई शिकायत के बाद कलेक्टर, जिला सीईओ एसडीएम को पत्र जरूर प्रतिवेदन के साथ भेजूंगी।*

**वंदना शर्मा**, *जनपद सीईओ*

## राकेश शर्मा बने विधायक प्रतिनिधि

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



जनपद पंचायत में जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा को कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे द्वारा सिरोंज जनपद में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया गया वही उनके प्रतिनिधित्व होने पर उनके चाहने वालों ने उन्हें सोशल मीडिया पर एवं प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से बधाइयां दी इस दौरान राकेश रघुवंशी अरविंद रघुवंशी अंकित साहू राजेश प्रभाकर रामचरण राजपूत सहित बड़ी संख्या में लोगों ने बधाइयां।

## शिकायत के बाद धर्म कांटों की जांच करने पहुंचे मंडी सचिव

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कृषि उपज मंडी में किसानों की उपज की तोले धर्म कांटों पर की जा रही है जहां पर किसी भी तरह की परेशानी ना हो क्योंकि इलेक्ट्रिक तोल कांटों पर एक साथ ही ट्राली में तोल हो जाती है इसके बाद अनाज चोरी की संभावना नहीं होती है, धर्म कांटे की तौल को ही सभी व्यापारियों को मान्य करना पड़ता है जो नहीं करेगा उस पर कार्रवाई भी होगी है। दूसरी ओर बुधवार को एक किसान के द्वारा धर्म कांटे पर उपज अधिक तने की शिकायत की थी उसने दो पर्चियां देकर भी मंडी सचिव हटे सिंह चौहान को दिखाएं थी इसके बाद मंडी सचिव इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटे की जांच करने के लिए पहुंचे उन्होंने बारीकी से धर्म कांटे पर वजन करवाया तो उनके सामने सही पाया गया फिर भी उन्होंने तोल कांटे में किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों के साथ किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी मंडी में अनाज चोरी करने वालों को अब जेल भेजने काम किया जाएगा।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण अंतर्गत आज विदिशा नगरीय निकाय क्षेत्र में शिविर का आयोजन हुआ जिसके तहत विदिशा नगर के हरिपुरा स्थित हनुमान मंदिर के पास तथा मिर्जापुर क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया गया। नगर के मिर्जापुर में आयोजित कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन समेत अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए।



कार्यक्रम को संबोधित कर विदिशा विधायक श्री टंडन ने केंद्र व राज्य शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना समेत अन्य योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज शासन की इन योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। किसी भी नागरिक को परेशानी ना हो इस हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाएं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। विकसित भारत यात्रा द्वितीय चरण अंतर्गत आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर आम नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। साथ ही महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा भी स्टॉल लगाए गए। राजुल विकलांग पालक उत्थान समिति के बच्चो के द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गयी ज्योति दर्पण स्कूल एवं शासकीय माध्यमिक शाला मिर्जापुर की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा अपने-अपने अनुभव भी सांझा किये गए थे। कार्यक्रम में विशेष कर स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। नशा मुक्ति की शपथ दिलाई - विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण अंतर्गत आयोजित शिविर कार्यक्रम में उपस्थित सभी को मघ निषेध सप्ताह अंतर्गत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

## नगर पालिका ने डिवाइडरों के पौधों में मिटटी डालकर उनको जीवित करने का प्रयास किया प्रारंभ



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

हजारों रुपए की लागत से बासौदा नाके से लेकर नहर की पुलिया के पास तक नगर पालिका परिषद के द्वारा पिछ्ले 2 वर्ष पहले पौधे लगाए थे। कुछ समय से इनकी देखभाल नहीं की जाए इसकी वजह से यह मुरझा गए थे। कई पेड़ पौधों को क्षतिग्रस्त भी कर दिया इनकी जालिय भी टूट गई थी पर एक बार फिर इनको व्यवस्थित करने का काम नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू ने प्रारंभ करवाते हुए जो पौधे सूख उनकी जगह पर दूसरे पौधे लगवा दिए हैं शेष पौधों में मिट्टी में डलवा दी साथ ही प्रतिदिन इन पौधों में पानी भी डलवाया है जिस कि जो पौधे खराब हो गए वहां फिर से जीवित हो सके यदि पौधे बड़े हो जाएंगे तो यहां पर हरियाली होगी तो यहां की सुंदरता भी देखते ही बनेगी।

**मेट्रो एंकर**

### निर्वाचन आयोग ने दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा

# उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शुक्ला ने फर्स्ट लेवल चेकिंग प्र्क्रिया का अवलोकन किया



**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार शुक्ला द्वारा विदिशा के कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस (गोडाउन) में एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) प्रक्रिया का अवलोकन तथा गोडाउन का की निरीक्षण किया है।

विदिशा में कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में स्थित ईवीएम वेयर हाउस (गोडाउन) में भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (बेल) बेंगलुरू के इंजीनियरों द्वारा ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी की एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) की जा रही है। जिसका आज बुधवार को उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार शुक्ला ईव्हीएम वेयर हाउस में एफएलसी प्रक्रिया का अवलोकन करने पहुंचे। उन्होंने एफएलसी कर रहे भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड बेल के इंजीनियरों से ईव्हीएम, व्हीव्हीपीएटी को लेकर चर्चा की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव ने ईव्हीएम, व्हीव्हीपीएटी की एफएलसी कार्य के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री शुक्ला ने मॉक पोल कर ईव्हीएम संचालन की प्रक्रिया देखी। उन्होंने बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। साथ ही वेयर हाउस की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था का भी उनके द्वारा अवलोकन किया गया। श्री शुक्ला ने अधिकारियों को एफएलसी हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने एफएलसी का राजनीतिक दलों द्वारा अवलोकन करने, ड्यूटीरत अधिकारियों की जानकारी, रिकार्ड संधारण, उपस्थिति पंजी आदि के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शशि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अनुभा जैन, डिप्टी कलेक्टर अवनीश मिश्रा मौजूद रहे।



# हार से बेपरवाह या जीत को कटिबद्ध..आखिर क्या है 'बैजबॉल क्रिकेट'



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

बैजबॉल..बैजबॉल..बैजबॉल...क्रिकेट के खेल में आजकल बैजबॉल शब्द सुर्खियों में है। आखिरकार बैजबॉल है क्या... सरल भाषा में कहें तो फिर किसी भी टेस्ट मैच को जीत या हार की परवाह किये बिना खेलने के अंदाज को बैजबॉल कहा जाता हैं। भले ही यह बैजबॉल क्रिकेट को समझने का सबसे आसान तरीका हो, लेकिन क्रिकेट के मैदान में आखिर यह शब्द कब, कैसे और क्यों आया यह सवाल सभी क्रिकेट प्रेमियों के जहन में आता तो ही है। वैसे तो बैजबॉल एक अनौपचारिक शब्द है जिसे ईएसपीएन क्रिकइन्फो यूके के संपादक एंड्रयू मिलर ने 2022 के अंग्रेजी क्रिकेट सीजन के दौरान गढ़ा था, जो टेस्ट मैचों में इंग्लैंड क्रिकेट टीम की खेल शैली का जिक्र करता है। जब से इंग्लैंड टीम के कोच ब्रेडन मैकुलम (जिसका उपनाम बाज है) और कप्तान बेन स्ट्रोक्स बने हैं तभी से इस टीम ने बैजबॉल क्रिकेट को चलन में ला दिया है। सही मायने में ब्रेडन मैकुलम (बाएं) और बेन स्टोक्स ही बैजबॉल के पीछे प्रमुख व्यक्ति हैं। दरअसल यह एक शैली मात्र है जिसकी मानसिकता में आक्रमण और बचाव में सकारात्मक निर्णय लेने पर जोर दिया जाता है, फिर चाहे वह बल्लेबाजी, गेंदबाजी हो या फिर कोई भी मैदान ही क्यों न हो। सच तो यह है कि इनमें से कई तरीके और रणनीतियां वनडे और टी-20 मैच खेलने में विकसित हुई हैं। भले ही बैजबॉल क्रिकेट को चलन में लाने का श्रेय मैकुलम को जाता हो, लेकिन मजेदार बात यह है कि उन्हें भी 'बैजबॉल' नाम नापसंद है। टेस्ट क्रिकेट इतिहास के सबसे तेज शतक (54 गेंद में) लगाने वाले ब्रेडन मैकुलम एक खिलाड़ी के रूप में अपने आक्रामक स्ट्रोक खेलने के लिए जाने जाते थे,और न्यूजीलैंड के कप्तान के रूप में उनका वह दौर बेहद सफल रहा जब उन्होंने आक्रामक रुख अपनाया। यही नहीं इंग्लैंड के कोच के रूप में मैकुलम का कार्यकाल इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट टीम की किस्मत में बदलाव के साथ आया। स्टोक्स और मैकुलम की नियुक्ति से पहले खेले गए 17 मैचों में टीम ने केवल एक टेस्ट मैच जीता था। कप्तान जो रूट दो कठिन वर्षों में लगातार हार रही टीम का नेतृत्व करने के बाद भावनात्मक रूप से टूट गए थे,जिसमें प्रयोगों के साथ कई दौरे शामिल थे। मैकुलम और स्ट्रोक्स की बैजबॉल सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लगातार हार रही टीम के खिलाड़ियों में कोई नाटकीय बदलाव नहीं होने के बाद भी सफलता मिली। उनके गेंदबाजों ने सात टेस्ट मैचों में से छह में 20 विकेट लेकर चुनौती का सामना किया, जबकि उनके बल्लेबाजों ने अद्भुत गति से रन बना कर ऐतिहासिक जीत हासिल की। बहरहाल बैजबॉल की लोकप्रियता के बाद क्रिकेट के इसके जन्म को लेकर तरह तरह की धारणाएं और बातें निकल कर आ सकती है व आती रहेंगी क्योंकि इसने टेस्ट क्रिकेट को रोमांचक बनाने का काम किया भी है। क्रिकेट के तमाम जानकार व पूर्व खिलाड़ी बैजबॉल को लेकर भले ही अलग अलग दावे करें, लेकिन मेरे नजरिए में 150 साल से टेस्ट इतिहास की धारणाओं ओर विचारों को बदल कर टी20 अंदाज में खेलने को ही बैजबॉल कहा जाता है। वहीं टेस्ट क्रिकेट को भी अविश्वसनीय तरीके से मनोरंजक बनाने के लिए मैकुलम-स्ट्रोक्स की जोड़ी ही बैजबॉल की असल जन्मदाता है।

### हर दिन आखिरी दिन का मानस !

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर केरी ओ कीफ, फिलिप ह्यूज की 2014 की मौत को सीधे तौर पर बैजबॉल के विकास से जोड़ते हैं। जब फिलिप ह्यूज की मैदान पर मौत हुई तो ब्रेंडन मैकुलम न्यूजीलैंड की कप्तानी कर रहे थे। शायद हादसे की वजह से ही मैकुलम के मन में यह विचार आया कि हम हर दिन ऐसे खेलेंगे जैसे कि यह हमारा आखिरी दिन हो ।हो सकता है यह सच भी हो लेकिन सवाल यह उठता है कि सोचने का यह नजरिया मैकुलम तक ही क्यों सीमित रहा।

### भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड जल्द ही अगले तीन मैचों के लिए टीम चुनेगा

# राजकोट में खेला जाएगा अगला टेस्ट मैच, जडेजा-राहुल कर सकते हैं कमबैक

**राजकोट, एजेंसी**

रिपोर्ट्स के मुताबिक विराट कोहली तीसरे टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे. वहीं केएल राहुल और रवींद्र जडेजा टीम इंडिया में वापसी कर सकते हैं. भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच राजकोट मं खेला जाएगा. इसको लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अभी तक टीम घोषित नहीं की है. लेकिन जल्द ही इसका ऐलान हो सकता है. रिपोर्ट्स के मुताबिक विराट कोहली इस मुकाबले में भी नहीं खेलेंगे. कोहली ने बीसीसीआई को अभी तक उपलब्ध रहने को लेकर जानकारी नहीं दी है. वहीं चोट की वजह से बाहर चल रहे रवींद्र जडेजा और केएल राहुल कमबैक कर सकते हैं. ये दोनों ही प्लेयर्स दूसरे टेस्ट में नहीं खेले थे। कोहली ने बोर्ड को अभी तक टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध रहने को लेकर जानकारी शेयर नहीं की है. एक सूत्र ने कहा, विराट फैसला करेंगे कि उन्हें भारतीय टीम में कब वापसी करनी है. उन्होंने अभी तक बोर्ड को सूचित नहीं किया है, लेकिन जब भी वे खेलने का फैसला करेंगे तब उन्हें टीम में शामिल किया जाएगा। कोहली भारत के लिए शुरुआती दो टेस्ट मैचों में भी नहीं खेले थे।



### जडेजा और राहुल टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में नहीं खेले थे, दोनों ही चोट की वजह से बाहर हुए थे

ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और केएल राहुल टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में नहीं खेले थे. ये दोनों ही चोट की वजह से बाहर हुए थे. लेकिन तीसरे टेस्ट के लिए दोनों की टीम इंडिया में वापसी हो सकती है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड जल्द ही अगले तीन मैचों के लिए टीम चुनेगा. इसमें दोनों को जगह मिल सकती है. जडेजा काफी अच्छी प्रोग्रेस कर रहे हैं. टीम मैनेजमेंट को भी यह भरोसा है कि जडेजा तीसरे टेस्ट में कमबैक करेंगे. बता दें कि केएल राहुल और जडेजा ने पहले टेस्ट में अच्छा परफॉर्म किया था. हालांकि भारत को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था. राहुल ने पहली पारी में 123 गेंदों का सामना करते हुए 86 रन बनाए थे. वहीं जडेजा ने 180 गेंदों का सामना करते हुए 87 रन बनाए थे. जडेजा ने पहली पारी में 3 विकेट और दूसरी पारी में 2 विकेट भी लिए थे.

### अंडर-19 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल आज

# पाकिस्तान-ऑस्ट्रेलिया में से जो जीता वो भिड़ेगा भारत से



**नईदिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 का दूसरा सेमीफाइनल बेनोनी में खेला जाएगा। दोनों ही टीमें अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं हारी हैं। दोनों की बॉलिंग खतरनाक है। ऐसे में पिच का रोल इस मैच में काफी अहम रहने वाला है। अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 के पहले फाइनलिस्ट का फैसला हो गया है। साउथ अफ्रीका को हराकर भारत ने 9वीं बार खिताबी मुकाबले में जगह पक्की की। लेकिन फाइनल में भारत किससे भिड़ेगा? इसका पता आज लग जाएगा। टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में दो बार की चैंपियन पाकिस्तान की टीम तीन बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। यह मुकाबले बेनोनी के विलोमूर पार्क पर खेला जाएगा। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया दोनों ही टीमों के पास बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं। पाकिस्तान के उबैद शाह 5 मैच में 17 विकेट ले चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के कैलम विडलर भी 4 मैच में 11 शिकार कर चुके हैं। इस मैच में पूरी उम्मीद है कि पिच तेज गेंदबाजों को मदद करेगी। पिच में बाउंस होगी और नई गेंद पर दोनों टीमों के बल्लेबाजों को सतर्क रहना पड़ेगा। हालांकि गेंद पुरानी होने के बाद बल्लेबाजी आसान हो जाएगी।

**अभी तक अजेय है दोनों टीमें:** ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान की टीम अभी तक टूर्नामेंट में अजेय है। पाकिस्तान ने ग्रुप राउंड में न्यूजीलैंड, नेपाल और अफगानिस्तान पर जीत दर्ज की। फिर सुपर सिक्स में आयरलैंड और बांग्लादेश को हराया। पाकिस्तान के लिए बांग्लादेश का मुकाबला करो या मरो वाला था। टीम ने इसमें 5 रन से जीत हासिल की। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया अभी तक नामीबिया, जिम्बाब्वे, श्रीलंका और इंग्लैंड को हरा चुका है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# ईशा ने पति की बेरुखी का खोला था राज, दूसरी बेटी के जन्म दे बाद से ही अनदेखा महसूस करते थे

ईशा और भरत तख्तानी 12 साल की शादी के बाद तलाक ले रहे हैं. इस जोड़ी की शादी टूटने की खबरों ने हर किसी को हैरान कर दिया है. वहीं एक बार ईशा ने पति की बेरुखी का राज भी खोला था. दूसरी बेटी के जन्म दे बाद ईशा देओल और भरत तख्तानी के बीच बढ़ने लगी थी दूरियां। दिग्गज स्टार्स धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बेटी और एक्ट्रेस ईशा देओल ने मंगलवार को अपने पति भरत तख्तानी से अलग होने की अनाउंसमेंट कर हर किसी को चौंका दिया. दोनों 2012 में शादी के बंधन में बंधे थे. ईशा और भरत ने एक जॉइंट स्टेंटमेंट जारी कर कहा कि उन्होंने दिग्गज स्टार्स धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बेटी और एक्ट्रेस ईशा देओल ने मंगलवार को अपने पति भरत तख्तानी से अलग होने की अनाउंसमेंट कर हर किसी को चौंका दिया. दोनों 2012 में शादी के बंधन में बंधे थे. ईशा और भरत ने एक जॉइंट स्टेंटमेंट जारी कर कहा कि उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है. बता दें कि ईशा और भरत दो बेटियों राध्या और मिराया के पैरेंट्स हैं. साल 2020 में, ईशा ने अम्मा मियाः स्टोरीज़, एडवाइस एंड रेसिपीज़ फॉम वन मदर टू अनदर नाम से एक किताब लिखी थी जिसमें उन्होंने खुलासा किया था



कि भरत अपनी दूसरी बेटी के जन्म के बाद से वो बदल गए हैं। बता दें कि ईशा और भरत दो बेटियों राध्या और मिराया के पैरेंट्स हैं. साल 2020 में, ईशा ने अम्मा मियाः स्टोरीज़, एडवाइस एंड रेसिपीज़ फॉम वन मदर टू अनदर नाम से एक किताब लिखी थी जिसमें उन्होंने खुलासा किया था कि भरत अपनी दूसरी बेटी के जन्म के बाद 'अनदेखा' महसूस करने लगे थे. ईशा ने अपनी पेरेंटिंग बुक में लिखा है, मेरे दूसरे बच्चे के जन्म के बाद, कुछ समय के लिए, मैंने देखा कि भरत चिड़चिड़े और मुझसे चिढ़ने वाले बन गए थे. उन्हें लगा कि मैं उन पर पूरा ध्यान नहीं दे रहा हूं. ईशा ने लिखा था, एक पति के लिए इस तरह महसूस करना बहुत नेचुरल है क्योंकि उस समय, मैं राध्या के प्लेस्कूल और मिराया को खिलाने में बिजी थी, और मैं अपनी किताब लिखने और अपनी प्रोडक्शन मीटिंगों से निपटने में भी काफी बिजी थी. इसलिए, वह उपेक्षित महसूस करते थे. हालांकि मैंने तुरंत अपने तरीकों पर ध्यान दिया.

## 'फाइटर' में खूंखार विलेन अजहर बनने के लिए ऋषभ ने देखी डॉक्यूमेंट्री

सिद्धार्थ आनंद की फाइटर मूवी में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर और ऋषभ साहनी जैसे स्टार्स नजर आए। इस फिल्म से ऋषभ ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है। वो विलेन के रूप में नजर आए। उन्होंने अपने किरदार के लिए कैसे तैयारी की, आइये उनसे ही दिलचस्प और खास बातें। सिद्धार्थ आनंद की फिल्म फाइटर बॉक्स ऑफिस पर भले ही उतना दम नहीं दिखा पाई, लेकिन इसमें विलेन का किरदार निभाने वाले ऋषभ साहनी की खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने डेब्यू मूवी में ही अपनी दमदार एक्टिंग से सभी का दिल जीत लिया। अब उन्होंने फिल्म की शूटिंग के दौरान के अपने एक्सपीरियंस को शेयर किया है। ये भी खुलासा किया है कि उनसे डॉक्युमेंट्री देखने के लिए कहा गया था और चुप रहने के लिए भी बोला गया था। ऋषभ साहनी ने 'द फ्री प्रेस जर्नल' को दिए इंटरव्यू में बताया कि फाइटर में इतना अहम किरदार निभाना उनका एक लंबा सपना रहा है।



## 'बिग बॉस 17' फेम अंकिता लोखंडे फिल्म इंडस्ट्री में दो बार कास्टिंग काउच का शिकार हुई

फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच के किस्से अक्सर सुअनाने को मिलते हैं। इसी बीच 'पवित्र रिश्ता' से पहचान बनाने वालीं एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे खुलासा किया है। एक्ट्रेस को साउथ फिल्म के दौरान दो बार कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में अंकिता ने इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच के अनुभव के बारे में बताया है। एक्ट्रेस के साथ जब ये घटना घाटी थी तब वो 19-20 साल की थीं। अंकिता ने कहा कि कास्टिंग काउच से उनका पहला सामना तब हुआ जब वह अपना करियर शुरू कर रही थीं और उन्हें एक साउथ फिल्म के ऑडिशन के लिए बुलाया गया था। फिर उससे डील करने को कहा गया। एक्ट्रेस ने कहा था, मैं बहुत स्मार्ट थी और वहां उस कमरे में अकेली थी। उस समय मेरी उम्र 19 या 20 साल की रही होगी और मैंने उनसे पूछा- आपका प्रड्यूसर कैसा समझौता चाहता है? क्या मुझे पार्टियों में या डिनर के लिए जाना होगा?' अंकिता ने कहा कि वह ऐसी स्थिति से बचना चाहती थीं, जहां उन्हें सीधे तौर पर प्रड्यूसर के साथ सोने की बात कही जाए। उन्होंने कहा कि, और जिस ही उसने ये कहा, मैंने उसकी बैंड बजा दी थी। दूसरी घटना के बारे में बात करते हुए अंकिता लोखंडे ने कहा, 'जब मैं फिल्मों में लौटी तो मुझे यह दोबारा महसूस हुआ। मैंने बस उस लड़के से हाथ मिलाया। मैं उनका नाम नहीं लेना चहती, वह एक महान अभिनेता थे। उस पल मुझे बुरी अनुभूति हुई और मैंने तुरंत अपना हाथ हटा ली और चली गई।'





## मेट्रो बाजार

# काइनेटिक कंपनी का इलेक्ट्रिक स्कूटर जल्द आएगा मार्केट में

**मुंबई, एजेंसी**

काइनेटिक की ग्रीन मोबिलिटी कंपनी कायनेटिक ग्रीन अपना मोस्ट अवेटेड इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने वाली है. कंपनी भारतीय ऑटो बाजार में आज अपना इलेक्ट्रिक लूना स्कूटर को लॉन्च करने वाली है. बता दें कि 80 और 90 के दशक में ये इलेक्ट्रिक स्कूटर लोगों के बीच काफी पॉपुलर हुआ करता था लेकिन बाद में इसका प्रोडक्शन बंद कर दिया गया. लेकिन अब कंपनी 2024 में अब स्कूटर को दोबारा लॉन्च कर रही है और वो भी इलेक्ट्रिक वेरिएंट में. हालांकि कंपनी ने पिछले महीने ही इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की बुकिंग शुरू कर दी थी और अब वक्त है इस स्कूटर की कीमत से पर्दा उठने का. स्मार्ट, मजबूत और हेवी-ड्यूटी ई-लूना को काइनेटिक ग्रीन वेबसाइट पर सिर्फ 500 रुपये में प्री-बुक किया जा सकता है. कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, ई-लूना को 7 फरवरी 2024 को लॉन्च किया जाएगा, जिसकी बुकिंग गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी, 2024 को शुरू हो गई थी. डिजाइन की बात करें तो कंपनी ने इस इलेक्ट्रिक स्कूटर के फ्रंट में हेलोजिन हैडलैम्प्स दिए हैं, जो राउंड शेप में है. इसके अलावा इंडिकेटर्स में भी हेलोजिन बल्ब मिलेंगे. स्कूटर में 16 इंच के वायर स्पॉक व्हील्स दिए गए हैं और 180 एमएम का ग्राउंड क्लीयरेंस दिया गया है. दूसरे पेसिफिकेशन्स की बात करें तो इस स्कूटर में 2 बैटरी पैक मिल सकता है, जिसकी टॉप स्पीड 50 किमी की होगी और ये इलेक्ट्रिक स्कूटर सिंगल चार्ज पर 110 किमी की रफ्तार पकड़ेगा. कीमत कितनी होगी, इसका खुलासा आज होगा. आज कंपनी लॉन्चिंग के दौरान इस स्कूटर की कीमत से पर्दा उठा देगी। कंपनी का कहना है कि ई-लूना न केवल पूरी तरह से मेड इन इंडिया है। बल्कि मेड फॉर इंडिया भी है।



# ताइवान की कंपनी भारत में करेगी निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सबसे बड़े दानवीर का करेगी बेड़ापार रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार, ताइवानी इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख फॉक्सकॉन ने एचसीएल ग्रुप के साथ साझेदारी में भारत में एक चिप असेंबली और टेस्टिंग प्लांट के निर्माण के लिए बिड इनवाइट की है. कंपनी ने इस प्रोजेक्ट के लिए शुरुआती निवेश के तौर पर 1,200 करोड़ रुपए खर्च करने का फैसला लिया है. ताइवान की सबसे बड़ी कंपनी फॉक्सकॉन भारत के लिए कोई नया नाम नहीं है. एपल की सबसे बड़ी मैन्युफैक्चरर फॉक्सकॉन भारत में अपने पांव को और मजबूती के साथ जमाने का प्रयास कर रही है. इसके लिए कंपनी ने भारत में सेमीकंडक्टर में उतरने का फैसला लिया. जिसके लिए पहले कंपनी ने वेदांता के साथ पार्टनरशिप की, लेकिन बाद में फॉक्सकॉन को वेदांता का साथ छोड़ना पड़ा. अब जो खबरें आई है वो बेहद हैरान करने वाली हैं. दानवीर की कंपनी से हाथ मिला लिया है. जिसकी कंपनी का साथ मिलकर फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर चिप पर काम करेगी. यहां तक कि फॉक्सकॉन ने इसकी फैक्ट्री लगाने के लिए 1200 करोड़ रुपए के निवेश का भी ऐलान कर दिया है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर देश के दिग्गज बिजनेसमैन और दानवीर की कंपनी के साथ मिलकर फॉक्सकॉन 'सेमीकॉन' पर काम करेगी। ताइवानी इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख फॉक्सकॉन ने एचसीएल ग्रु के साथ साझेदारी में भारत में एक चिप असेंबली और टेस्टिंग प्लांट के निर्माण के लिए बिड इनवाइट की है। कंपनी ने प्रोजेक्ट के लिए शुरुआती निवेश के तौर पर 1,200 करोड़ खर्च करने का फैसला लिया है. फॉक्सकॉन ने कहा कि वह खुद की लैंड पर प्लांट लगाने जा रही है, जो उसने पहले से ही खरीदी है. साथ ही कंपनी की ओर से कहा गया है कि यह बिड फॉक्सकॉन होन हाई टेक्नोलॉजी इंडिया मेगा डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से इनवाइट की गई है. इस महीने की शुरुआत में खबर सामने आई थी कि फॉक्सकॉन देश में चिप पैकेजिंग और टेस्टिंग वेंचर शुरू करने के लिए भारत के एचसीएल ग्रुप के साथ पार्टनरशिप कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की एक्टिवा से शराब की तस्करी, 54 लीटर शराब जब्त

भोपाल, दोपहर मेट्रो



हनुमानगंज पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 54 लीटर देशी शराब जब्त की है। आरोपी ने चार दिन पहले कोतवाली इलाके से एक्टिवा चोरी की थी। उसी एक्टिवा से वह शराब की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी और आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि सपना लाज के पास छोला रोड पर एक युवक बिना नंबर की एक एक्टिवा से शराब की तस्करी कर रहा है। सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते हुए संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रियांश ठाकुर पिता गजेन्द्र सिंह ठाकुर ( 20 ) घासीराम का बगीचा, हनुमानगंज बताया। संदेही की एक्टिवा पर रखी बोरी को चेक की गई तो उसमें 6 कार्टून मिले, जिनमें 300 क्वार्टर प्लेन मदिरा थी। जब्त शराब 54 लीटर थी। एक्टिवा के बारे में पूछताछ की गई तो वह एक्टिवा के दस्तावेज नहीं दिख सका। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि 3-4 दिन पहले ललवानी रोड, कोतवाली से रात के समय उसने उक्त एक्टिवा चोरी की थी।

### शराब के लिए अड़ीबाजी, हेयर सलून में रखे उस्तरे से हमला

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड सुभाष नगर में बुधवार दोपहर हेयर सलून में बाल कटवाने पहुंचे केटरिंग संचालक पर एक युवक ने उस्तरे से हमला कर दिया। उस्तरा बाएं हाथ की भुजा पर लगने से उसे गंभीर चोट आई है। दरअसल, आरोपी ने केटरिंग संचालक से शराब पीने के लिए रुपए मांगे थे। रुपए नहीं देने से नाराज आरोपी ने हेयर सलून पर रखा उस्तरा उठाकर हमला कर दिया। पुलिस ने केटरिंग संचालक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अड़ीबाजी,

पुलिस के अनुसार करण सिंह राजपूत पिता प्रहलाद सिंह राजपूत ( 34 ) ओल्ड सुभाष नगर में रहते हैं और केटरिंग का संचालन करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार सुबह वह बाल कटवाने के लिए हॉकर्स कॉर्नर के पास हेयर सलून गए हुए थे। वे दुकान पर अपना नंबर आने का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच बारह बजे के आसपास वहां पंकज यादव पहुंचा। पंकज ने करण सिंह से शराब पीने के लिए रुपए मांगे। करण सिंह ने उसे रुपए देने से इंकार कर दिया। इस दौरान करण और पंकज के बीच कहासुनी भी हुई थी। कहासुनी के बीच पंकज की नजर हेयर सलून में रखे उस्तरे पर पड़ गई और उसने उस्तरा उठाकर करण सिंह पर हमला कर दिया।

भाइयों के साथ डंडे और चाकू से मारपीट होते देख बहन बचाने पहुंची तो कर दी हत्या

# रंजिश में दो पक्ष आमने-सामने, महिला की चाकू गोदकर हत्या दो घायलों की हालत नाजुक

भोपाल, दोपहर मेट्रो

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित क्रशर बस्ती में बीती रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा की दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर डंडे और पत्थर से हमला कर दिया। इस बीच एक पक्ष के हाथ चाकू लगने से उसने चाकू से हमला कर दिया। चाकू और डंडे से हमला होने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके दोनों भाइयों को गंभीर चोट आई हैं। उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सरोज आठिया पति विनोद आठिया ( 34 ) क्रशर बस्ती, अयोध्या नगर में रहती थी। उसके घर के सामने रहने वाले परिवार से उसकी पुरानी रंजिश है। दरअसल, सरोज और सामने रहने वाले परिवार के बच्चों के बीच कभी क्रिकेट खेलने की बात पर विवाद हुआ था। सरोज आठिया के दोनों



फाइल फोटो

भाई बुधवार रात घर पहुंचे थे। उनका सरोज के घर खाना था। वे घर के सामने पहुंचे ही थे कि सामने रहने वाले परिवार के लोगों ने गालीगलौज शुरू कर दी। गाली गलौज से शुरू हुए विवाद के बाद आरोपियों ने दोनों पर डंडे और चाकू से हमला कर दिया। विवाद की आवाज सुनकर सरोज घर से बाहर निकली तो आरोपियों ने उसे घेर लिया और डंडे और चाकू से सरोज पर भी हमला कर दिया।

शरीर में कई जगह डंडे लगने से उसे गंभीर चोट आई?थी। वहीं सिर में भी डंडे और चाकू लगने से वह लहूलुहान हो गई थी। उसके दोनों भाईयों को भी गंभीर चोट आई है। हादसे में तीनों के साथ जमकर मारपीट की गई?थी और तीनों बेसुध हो गए?थे। विवाद की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बेसुध पड़ी सरोज और उसके भाई को अपने ही वाहन से अस्पताल में भर्ती कराया, वहां सरोज को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके दोनों भाइयों को अभी होश नहीं आया है। पुलिस ने उक्त मामले में चार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। उनकी तलाश की जा रही है।

## एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत




भोपाल, दोपहर मेट्रो

टीटी नगर इलाके में एक्सीडेंट में घायल हुए एक व्यक्ति की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने के लिए पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के मुताबिक प्रभु सरोद ( 58 ) राहुल नगर थाना कमला नगर में रहते थे और पीडब्ल्यूडी विभाग के बिट्टन मार्केट स्थित कार्यालय में दैनिक वेतन भोगी के रूप में हेल्पर का काम करते थे। पांच फरवरी की शाम को वह अपनी नातिन को सायकिल पर बिठकर अम्बेडकर नगर में रहने वाली बेटी के घर छोड़ने गए थे। वापस लौटते समय अग्रसेन भवन के सामने वह सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े मिले थे। राहगीरों ने उन्हें घटनास्थल के पास संजय काम्पलेक्स स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां बुधवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि वह स्वयं सायकिल से गिरकर घायल हुए थे अथवा उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मारी थी। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## सीढ़ियों से गिरी दसवीं कक्षा की छात्रा, रेलिंग में फंसा दुपट्टा फांसी लगने से मौत

### ऐशबाग के बाग फरहत अफ्जा में दोपहर की घटना

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बागफरहत अफ्जा में 15 साल की किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसे सीढ़ियों से गिरने के कारण निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा।

पुलिस के अनुसार जोया बेग पिता हैदर बेग ( 15 ) बाग फरहत अफ्जा ऐशबाग में रहती थी और दसवीं कक्षा में पढ़ती?थी। उसके पिता हरे चने तोड़कर बेचने का काम करते हैं। पिता हैदर बेग ने पुलिस को बताया कि उनका तीन मंजिला मकान है। बुधवार दोपहर बेटी जोया ऊपर वाले फ्लोर से सीढ़ियों से नीचे उतर रही थी। वह गले में दुपट्टा लगाए पहने हुए थी। सीढ़ियों से उतरते समय उसका पैर फिसला और दुपट्टा सीढ़ियों के साइड पर कपड़ने के लिए लगाई गई ग्रिल में उलझ गया। दुपट्टा ग्रिल में उलझने के बाद गले में फंदा बन गया था और जोया को फांसी लग गई।



#### पड़ोसी ने दी सूचना

पुलिस का कहना है?कि घटना बुधवार करीब दो से ढाई बजे के बीच की है। परिजन जोया को अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने बाहर ही जोया को देखा और मृत घोषित कर दिया। परिजन उसे घर ले आए। इस बीच पड़ोसियों ने जोया के मौत की सूचना दी?थी। पुलिस की टीम हैदर के घर पहुंची और जोया का शव पीएम के लिए मर्चूरी में शिफ्ट कराया। मामले की जांच कर रहे एएसआई लाल बहादुर मिश्रा ने बताया कि जोया के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

## पैदल जा रहे युवक को ऑटो चालक ने मारी टक्कर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

रातीबड़ इलाके में पैदल जा रहे एक युवक सवारी आटो चालक ने टक्कर मार दी। इलाज नहीं कराने पर घायल के भाई ने थाने पहुंचकर उसके खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया है। पुलिस के मुताबिक चैनसिंह सिसौदिया ( 30 ) डीपीएस झुग्गीबस्ती शिवनगर में रहता है और प्रायवेट काम करता है। चैनसिंह ने पुलिस को बताया कि बीती 23 जनवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे उसका भाई बाबूलाल निजी कालेज से पैदल घर लौट रहा था, तभी एक सवारी आटो चालक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद उसी आटो चालक ने बाबूलाल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया और इलाज कराने का वायदा किया था। बाद में आटो चालक ने इलाज करवाने से इंकार कर दिया, जिसके बाद भाई ने थाने पहुंचकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### युवक को ई-रिक्शा चालक ने मारी ठोकर

वहीं हनुमानगंज इलाके में पैदल जा रहे ई-रिक्शा चालक ने एक युवक को टक्कर मार दी। साथी ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने रिक्शा पलटा दिया, जिससे साथी को भी चोट आई। पुलिस के मुताबिक राजेंद्र कुमार शर्मा (55) सेमरा रोड चांदबड़ में रहते हैं और ड्रायवरी करते हैं। मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपने दोस्त आशीष सोलंकी के साथ पैदल अल्पना टाकीज से भोपाल स्टेशन की तरफ जा रहे थे। गुरुकृपा ट्रैवल्स के सामने पीछे से आ रहे ई-रिक्शा चालक ने उनके दोस्त आशीष को टक्कर मार दी। जब उन्होंने रिक्शा चालक को रोकने का प्रयास किया तो उसने अपना रिक्शा पलटा दिया, जिससे राजेंद्र के सिर में चोट लगी और पास ही खड़ी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने रिक्शा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## युवती ने फांसी लगाकर की दी जान

भोपाल, दोपहर मेट्रो

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित दुर्गा नगर, सेमरा में बुधवार शाम एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। आज पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे।

पुलिस के अनुसार पूजा दीपके पिता तुलसीराम दीपके ( 20 ) मूलत : महाराष्ट्र की रहने वाली थी। परिवार यहां दुर्गा नगर, सेमरा में किराए के मकान में रहता था। पूजा ने करीब दो साल पहले पढ़ाई छोड़ दी थी और इन दिनों घर के कामकाज संभालती थी। परिजन से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि पूजा ने बुधवार शाम अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। उसे फांसी के फंदे पर लटका देख परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही पूजा को मृत घोषित कर दिया।

पंचशील नगर पुलिया के पास बुधवार देर रात हुआ हादसा

## कार में घुसे बाइक सवार युवक, एक की मौत, दो गंभीर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर पुलिया के पास मैनिट की तरफ से आ रहे बाइक सवार सामने से आ रही कार में जा घुसे। इस हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। बाइक पर मौजूद दो अन्य युवकों को गंभीर चोट आई हैं और उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि राम विलास जलानी ( 18 ) बीडीए कॉलोनी, सलैया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। बुधवार रात वह अपने साथी विशाल और अमन के साथ न्यू मार्केट से सलैया लौट रहा था। तीनों बाइक से पंचशील नगर पुलिया तक पहुंचे ही थे कि कट पाइंट पर कोलार तिराहा



की तरफ से आ रही कार के चालक ने पंचशील नगर की तरफ कार मोड़ दी। रात करीब 11 बजे हुए इस हादसे में बाइक सवार कार मुड़ते ही सामने से आकर टकराए थे। उन्हें गंभीर चोट आई थी। एंबुलेंस तीनों को हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची, वहां कुछ देर चले इलाज के बाद राम विलास की मौत हो गई।

मेट्रो एंकर अवधपुरी निवासी जगदीश भार्गव के सूने मकान का ताला तोड़कर की वारदात

# शहर के सूने मकानों से लाखों के जेवरात और सामान चोरी



फाइल फोटो

भोपाल, दोपहर मेट्रो

विभिन्न इलाकों में स्थित सूने मकानों से ताले तोड़कर चोर लाखों रुपये के जेवरात और अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक वेदवती कालोनी अवधपुरी निवासी जगदीश भार्गव के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर दिनदहाड़े एक लाख 50 हजार के जेवरात चोरी कर ले गए। राजहर्ष कालोनी कोलार रोड निवासी अंकित संगोलकर के घर से जेवरात और नकदी, विश्वकर्मा नगर निशातपुरा निवासी संतोष यादव के मकान से सोने-चांदी के जेवरात और भंवर नगर छोला मंदिर निवासी पवन राठौर के सूने मकान से चोर लाखों रुपये के जेवरात और अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### रिटायर्ड सैनिक के घर से नल की टोटियां और नकदी चोरी

रातीबड़ इलाके में रहने वाले एक रिटायर्ड सैनिक के घर का ताला तोड़कर चोर नल की टोटियां और 15 हजार रुपए नकदी समेत करीब बीस हजार का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक शांताराम जाधव (53) वास्तु विहार कालोनी फेस-3 गोरागांव रातीबड़ में रहते हैं। वह रिटायर्ड सैनिक हैं। पिछले महीने 19 जनवरी को शांताराम घर पर ताला लगाकर अपनी ड्यूटी चले गए थे। शाम को घर लौटे तो ताला टूटा मिला। चैक करने पर घर में लगी करीब 5 हजार रुपये कीमत की नल की टोटियां और अलमारी में रखे पंद्रह हजार रुपये नकदी गायब थे। पुलिस ने शांताराम की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### ट्रैक्टर ट्राली और पांच दोपहिया वाहन ले उड़े बदमाश

खजूरी सड़क थानांतर्गत ग्राम फंदा में रहने वाले अरुण कुमार के घर के पास खड़ी एक ट्रैक्टर कीट्राली चोरी हो गई। घटना बीती 31 जनवरी और एक फरवरी की रात की बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इधर टीटी नगर थानांतर्गत न्यू मार्केट की पार्किंग से तारा सिंह और क्वालिटी रेस्टारेंट के सामने पार्किंग से मो. नसीर खान की मोटर सायकिल चोरी हो गई। कटारा हिल्स थानांतर्गत लहारपुरा से मनीष बारसकर, बागसेवनिया थानांतर्गत एम्स अस्पताल के सामने से रोहित कुमार और सीआरपी बैरागढ़ से रमेश कुमार की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022